*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 290
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड आदिवासी महोत्सवः गुलजार हुई रांची




उद्घाटन समारोह

## मुख्य आकर्षण

**जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां**
आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**
आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
ओडिशा का परोजा नृत्य
राजस्थानी वालार नृत्य
केरल का पालियन नृत्य
सरायकेला का छऊ नृत्य
नागपुरी लोक नृत्य
पाइका नृत्य
उरांव समुदाय का लोक नृत्य
गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य

**राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर**
गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग

**आदिवासी फिल्म महोत्सव**
कैमरा से कविताई

**परिधान फैशन शो**
आदिवासी परिधान का प्रदर्शन

**खान-पान**
आदिवासी व्यंजन

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध **आदिवासी जीवन दर्शन** की झलकियां

मुख्य अतिथि
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय **अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति**
सह **सांसद, राज्यसभा**

अध्यक्षता
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

9 अगस्त 2023
समय: अपराह्न 12:00 बजे से
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**




P.R. 304244 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

09 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 290

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों में जुटे कलाकार



# झारखंड आदिवासी महोत्सव आज से, गुलजार हुई रांची

■ आदिवासी व्यंजन और आभूषण लगायेंगे मेले में चार चांद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची आदिवासी महोत्सव की रंग में रंग गयी है। चारों ओर बैनर और पोस्टर लगे हैं। आदिवासी महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राजधानी के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान (जेल पार्क) में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। साल 2019 के बाद लगातार यह दूसरा मौका है, जब झारखंड में आदिवासी महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसके लिए जेल पार्क में विशेष इंतजाम भी किये गये हैं। दो दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्घाटन समारोह बुधवार को दिन में एक बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झामुमो अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद और राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन होंगे। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन होंगे।

महोत्सव में देश-दुनिया की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। कई कार्यक्रम होंगे, जिनमें जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठी, कला और संगीत, परिधान, आदिवासी व्यंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन शो आदि शामिल हैं। वहीं आदिवासी व्यंजन में मडुआ से बने पारंपरिक पकवान और परिधान में आदिवासी पारंपरिक परिधान आकर्षण के मुख्य केंद होंगे। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा।



सेमिनार में जनजातीय अर्थव्यवस्था, आदिवासी साहित्य, जनजातीय ज्ञान, मानव विज्ञान के अतीत और भविष्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### जनजातीय अर्थव्यवस्था पर होगी विशेष चर्चा

जनजातीय अर्थव्यवस्था के तहत इसका विषय 'एक राष्ट्र के आर्थिक विकास में जितना महत्वपूर्ण योगदान शहरी अर्थव्यवस्था का होता है, उतना ही जनजातीय अर्थव्यवस्था का भी होता है' होगा। इस पर विशेष चर्चा होगी। इस चर्चा में प्रतिष्ठित वक्ता डॉ सीपी चंद्रशेखर, डॉ जयति घोष, डॉ अमित भादुड़ी, डॉ प्रवीण झा, डॉ अरुण कुमार, डॉ ज्यां द्रेज, डॉ बेला भाटिया, डॉ रमेश शरण, डॉ जया मेहता और पी साईनाथ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा समारोह में 'आदिवासी जीवन और उसके मूल्यों पर समझने के लिए मानव विज्ञान से जुड़े अतीत और भविष्य जानना आवश्यक है' विषय पर भी प्रतिष्ठित वक्ता चर्चा करेंगे और अपने विचार रखेंगे। इस चर्चा में वक्ता प्रो टी कट्टीमनी, प्रो एसएम पटनायक, प्रो सत्यनारायण मुंडा, प्रो विजय एस सहाय, प्रो एमसी बेहरा, प्रो पुष्पा मोतियानी, प्रो सुमहन बंदोपाध्याय, डॉ नरेश चंद्र साहू, डॉ पिनाक तरफदार, डॉ डैली नेली मौजूद रहेंगे।

### आदिवासी साहित्य पर भी होगी विशेष चर्चा

आदिवासी जीवन, रहन-सहन, परंराओं के अलावा सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्थाओं पर आधारित साहित्य पर भी समारोह में विशेष चर्चा होगी। इसमें प्रतिष्ठित वक्ता सुश्री ममांग दाई, प्रो (सेवानिवृत्त) मृदुला मुखर्जी, प्रो (सेवानिवृत्त) आदित्य मुखर्जी, डॉ राकेश बताब्याल, प्रो महालक्ष्मी रामाकृष्णन, प्रो वी सेल्वाकुमार, डॉ स्नेहा गांगुली, डॉ किशोर लाल चंदेल, डॉ देव कुमार, प्रो रोमा चटर्जी मौजूद होंगे।

### समारोह में ये आदिवासी व्यंजन करेंगे आकर्षित

आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी व्यंजन राइस डंबू, धुस्का घुघनी प्लेट, मडुआ से बने तरह-तरह के व्यंजन, दाल पीठा के अलावा माड़ झोर लोगों को आकर्षित करेंगे। इसके अलावा प्योर शहद, काले गेहूं का आटा, मडुआ से बने कुकीज के अलावा मसालों के पैकेट भी बिकेंगे। ये पूरी शुद्धता से तैयार किये गये होंगे। साथ ही आदिवासी पारंपरिक आभूषण भी महिलाओं को लुभायेंगे। इस महोत्सव में देशभर से लोग आ रहे हैं, जो स्टॉल लगायेंगे।

शहीद निर्मल महतो के 36वें शहादत दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं : हेमंत

● झारखंडियों के मार्गदर्शक थे शहीद निर्मल दा
● हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान-सम्मान और हक-अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। वह मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे।

### झारखंडियों के मार्गदर्शक थे शहीद निर्मल महतो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं, जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है। उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। यह दिन एक ऐसा दिन है, जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वह सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठनकर्ता और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

### इस राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दी हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों- मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गयीं। लेकिन, अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी । हमारी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारी के सपनों के अनुसार झारखंड का नवनिर्माण कर रही है ।

### अब आपके घर के दरवाजे पर पहुंच रही है सरकार

सीएम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक यहां के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और युवाओं की उम्मीदें टूटने लगी थीं, लेकिन जब से हमारी सरकार है, सभी की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का काम कर रहे हैं। आज सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। अधिकारी आपके गांव में आकर आपको योजनाओं से जोड़ रहे हैं। हमने संकल्प ले रखा है कि इस राज्य के हर व्यक्ति तक विकास को पहुंचायेंगे, चाहे कितनी भी चुनौतियां सामने क्यों ना आयें।

### बड़े पैमाने पर हो रहीं नियुक्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। जितने पद पिछले 20 वर्षों में नहीं भरे गये, उससे कहीं ज्यादा पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इन तमाम नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हो परीक्षाओं में पारदर्शिता बनी रहे और जो होनहार है उन्हें नौकरी मिले, इसके लिए सरकार ने एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ी करेगा या प्रश्न पत्र लीक करेगा, वह जेल में होगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति, अधिकारी- कर्मचारी और संस्थान ही क्यों ना हो।




### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, रामदास सोरेन, सविता महतो, संजीव सरदार, समीर मोहंती, मंगल कालिंदी और पूर्व सांसद सुमन महतो समेत कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक भी मौजूद थे।

**आदिवासी महोत्सव :** झारखंड के उभरते युवा फिल्म निर्माताओं को मिलेगा मंच

# झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास को जानने का अवसर देगा फिल्म फेस्टिवल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित हो रहे झारखंड आदिवासी महोत्सव में जनजातीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसके माध्यम से झारखंड की अनूठी कहानियों, परंपराओं, संघर्षों, दर्शन और इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर मिलेगा। जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखंड के फिल्म निर्माताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। साथ ही आदिवासी समुदाय के ज्वलंत मुद्दे और कथाएं सिनेमा के माध्यम से उजागर हो सकेंगी।

### प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर

आदिवासी फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिए जगह बनेगी और ऐसे जरूरी विषयों पर



फिल्में बनाने के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। इससे सबसे अधिक युवा फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम झारखंड के उभरते फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच भी तैयार करेगा।

### इन फिल्मों का होगा प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉनर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

# डॉक्यूमेंट्री 'लखी माई' की स्क्रीनिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं झारखंड की प्रसिद्ध नाट्य संस्था नाट्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटे अनाज कैंपेन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नाट्यालय संस्था के नीतीश कुमार द्वारा आदिवासी किसान भाइयों पर बनायी गयी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'लखी माई' की विशेष स्क्रीनिंग की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य शशांक राज उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा, भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, नाट्यालय संस्था के शिवम मनोहरण समेत अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से नीतीश कुमार की



फिल्म 'लखी माई' के पोस्टर का लोकार्पण कर फिल्म देखी। इस अवसर पर कृष्णा प्रसाद, के नलिनी, मेघा आनंद, धीरज कुमार, अभिषेक कुमार साहू समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

होरिल यादव फिल्म प्रोडक्शन की ओर से बनायी गयी फिल्म 'लखी माई' अनाज पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में झारखंड की कृषि के साथ-साथ यहां के त्योहारों में अन्न द्वारा की जाने वाले पारंपरिक पूजा को भी चरितार्थ किया गया है। इस फिल्म में आदिवासी किसानों की खेती एवं कृषि की परंपरा को जीवंत रखने के लिए प्राचीन सभ्यता और संस्कारों को दिखाया गया है। करमा, सरहुल, सोहराई, धुरिया, माघी आदि कई त्योहारों का खेती से संबंध को भी दर्शाया गया है। फिल्म में प्राचीन झारखंड के गीत और लोक वाद्य यंत्रों का भी इस्तेमाल किया गया है। फिल्म का उद्देश्य यह है कि जिस तरह एक मां अपने बच्चे का लालन-पालन करती है, उसी तरह झारखंड के किसान भी नौ महीने कड़ी पीड़ा और संघर्ष के बाद अनाज उपजाते हैं। पानी की कमी के बावजूद हमारे किसान भाई हमें अन्न मुहैया कराते हैं। इस फिल्म की पूरी शूटिंग हजारीबाग के बरही प्रखंड की रसोइया धमना पंचायत के गांव पुरहारा में की गयी है। यह फिल्म नीतीश कुमार द्वारा बनायी गयी है। इसके डीओपी, वॉयस ओवर, एडिटिंग नीतीश कुमार, ड्रोन चंदन कुमार, वॉयस रिकॉर्डिस्ट प्रणीत, राहुल उरांव, उन्नति, तृषा, म्यूजिक में रमेश, मानराखन बड़ाइक, स्क्रिप्ट में प्रणय प्रमोद, मृणाल पाठक आदि कई लोगों ने अपनी भूमिका निभायी है। यह जानकारी अमन ने दी।

रांची विश्वविद्यालय ने आयोजित किया 'जोहार संगी' कार्यक्रम

# अपनी परंपरा-संस्कृति को बचा कर रखना सभी का दायित्व : राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस 'जोहार संगी' मनाया गया। मोरहाबादी के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति डॉ सीपी राधाकृष्णन थे। मौके पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में इस दिवस और आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और सबों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे पारंपरिक जनजातीय गीत-संगीत-नृत्य बहुत मधुर और मोहक हैं। हमारी जनजातियों ने प्रकृति और पर्व-त्योहारों को संरक्षित रखा है। हम सबों का भी दायित्व है कि अपनी परंपरा-संस्कृति को बचाये रखें। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के 3.8 करोड़ की आबादी में 28 प्रतिशत आदिवासी हैं। सरकार द्वारा झारखंड के 24 जिलों में इनके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग बहुत परिश्रमी होते हैं और यहां की महिलाएं बहुत कर्मठ हैं। राज्य में महिला सशक्तिकरण पर हम कार्य कर रहे हैं। हम राज्य में महिलाओं के निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने को प्रयासरत हैं। कुलपति ने सबों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी और 28



प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या वाले झारखंड राज्य के बारे में बताते हुए झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया। मंच पर पद्मश्री अशोक भगत, पद्मश्री यमुना टुडू, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो डॉ इ बालागुरुसामी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में झारखंड रत्न और पद्मश्री से सम्मानित गीतकार गायक कलाकार मधु मंसूरी ने नागपुरी में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### अभिभूत हुए राज्यपाल और उपस्थित लोग

कार्यक्रम की शुरुआत मानभूम छऊ नृत्य से हुई, जिसे सरायकेला से आये कलाकारों ने प्रस्तुत किया। महिषासुरमर्दिनी की प्रस्तुति देख राज्यपाल सहित पूरा सभागार अभिभूत हो गया। इसके बाद पाइका युद्ध नृत्य प्रस्तुत की गयी। पीएफए विभाग द्वारा आकर्षक घोड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस आरयू डॉ स्मृति सिंह तथा नागपुरी भाषा में संचालन डॉ सीमा प्रसाद ने किया। इस अवसर पर ओएसडी राज्यपाल संजीव राय, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, सीसीडीसी डॉ पीके झा, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहु, बीआर झा, डीएसपीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ उमेश मेहता, आरके शर्मा, अशोक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, हेड, डीन तथा सैकड़ों छात्रों की उपस्थिति रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# विश्व आदिवासी दिवस के आइने में झारखंड की जनजातियां

## अस्तित्व, पहचान, भाषा-संस्कृति और संसाधनों पर हक के लिए और संघर्ष की जरूरत

**आदिवासी समुदाय लंबे समय से अपने अस्तित्व, पहचान, भाषा संस्कृति और संसाधनों पर हक के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रकृति के साथ लंबे समय के सहचर्य से इस समुदाय ने प्रकृति आधारित जीवन शैली विकसित की है, पर सभ्यताओं के साथ संपर्क में आने के बाद उनके जीवन में परिवर्तन आना शुरू हुआ। आज आदिवासी समुदाय अपनी पहचान, भाषा, संस्कृति, संसाधनों पर हक के लिए अन्य समस्याओं के साथ संघर्ष कर रहा है। आदिवासियों के संदर्भ में झारखंड का अलग ही स्थान है, क्योंकि 27 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले इस राज्य की धुरी आदिवासियों के इर्द-गिर्द ही घूमती है। इसलिए 9 अगस्त का दिन झारखंड के लिए बहुत मायने रखता है। यह आज भी चिंतनीय है कि आदिवासी हितों को ध्यान में रख कर बनाये गये अलग झारखंड राज्य में आज भी अदिवासियों के लिए वे काम पूरे नहीं हो सके हैं, जिन्हें अब तक हो जाना चाहिए था। इसलिए आज भी झारखंड के आदिवासी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं। इस स्थिति को बदले जाने की जरूरत है, ताकि झारखंड का आदिवासी समुदाय भी प्रदेश के विकास में सहभागिता निभा सके। हाल के दिनों में राज्य सरकार का प्रयास सराहनीय है। 2023 से आदिवासी दिवस पर जिस तरह से कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं उससे निश्चित रूप से आदिवासी समाज के बीच जागरूकता आयेगी और वे भी विकास के रास्ते में डेग भर सकेंगे। लेनिक यही काफी नहीं है, लगातार प्रयास की जरूरत है। झारखंड के सामने अपनी आदिवासियत बचाये रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है, जिन्हें लांघना बेहद दुरूह है, असंभव नहीं। विश्व आदिवासी दिवस की पृष्ठभूमि में झारखंड के सामने विद्यमान इन्हीं चुनौतियों को रेखांकित कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए जब हम रंगमंच पर विभिन्न लोकगीत, संगीत और नृत्य से लोगों के दिलों में अपनी पहचान और इतिहास को उभारने की कोशिश कर रहे होते हैं, तब इस गीत को भी नहीं भूलना चाहिए, जो अंग्रेजों के खिलाफ 9 जनवरी, 1900 को डोंबारी पहाड़ पर बिरसा मुंडा के लोगों के संघर्ष को मुंडा लोकगीत में याद करते हैं, डोंबारी बुरू चेतन रे ओकोय दुमंग रूतना को सुसुन तना, डोंबारी बुरू लतर रे कोकोय बिंगुल सड़ीतना को संगिलकदा/ डोंबारी बुरू चतेतन रे बिरसा मुंडा दुमंग रूतना को सुसुन तना, डोंबारी बुरू लतर रे सयोब बिंगुल सड़ीतना को संगिलाकदा। (डोंबारी पहाड़ पर कौन मांदर बजा रहा है, लोग नाच रहे हैं, डोंबारी पहाड़ के नीचे कौन बिगुल फूंक रहा है, जो नाच रहे हैं, डोंबारी पहाड़ पर बिरसा मुंडा मांदर बजा रहा है- लोग नाच रहे हैं। डोंबारी पहाड़ के नीचे अंग्रेज कप्तान बिगुल फूंक रहा है, लोग पहाड़ की चोटी की ओर ताक रहे हैं।

### आदिवासी समुदाय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है

विश्व आदिवासी दिवस पर समारोहों के आयोजन के दौरान आदिवासियों की मौजूदा हालात, समस्याएं और उनकी उपलब्धियों पर चर्चा खूब होती है। प्रकृति के सबसे करीब रहनेवाले आदिवासी समुदाय ने कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभायी है। संसाधनों के अभाव में भी इस समुदाय के लोगों ने अपनी एक खास पहचान बनायी है। गीत-संगीत-नृत्य से हमेशा ही आदिवासी समुदाय का एक गहरा लगाव होता है। उनके गीतों-नृत्यों में प्रकृति से लगाव का पुट दिखता है।

झारखंड के संदर्भ में कहा जा सकता है कि मौजूदा समय में आदिवासी समुदाय अपनी भाषा-संस्कृति से विमुख हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि आदिवासी झारखंड के प्रथम निवासी हैं। उन्होंने जंगल- झाड़ काट कर इसे खेती योग्य बनाया और यहां बसते गये। यह स्थान खूंटकट्टीदार और भूईंहर (भूमिहार नहीं) लोगों का देस बना।

### जंगलों का कटना और पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती

झारखंड का आदिवासी समुदाय जिस स्थिति में अपना जीवन यापन करता है, उस बारे में सोच कर भी हैरानी होती है। जनजातीय समुदाय के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विवधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं, लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका खतरे में है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी 90 देशों में फैले हैं। उनकी पांच हजार अलग-अलग संस्कृतियां और चार हजार भाषाएं हैं। इस बहुलता के बावजूद या उसकी वजह से ही उन्होंने एक तरह के संघर्ष झेले हैं, चाहे वे ऑस्ट्रेलिया में रहते हों, जापान में या ब्राजील में या फिर झारखंड में। आदिवासियों की जीवन दर कम है। गैर आदिवासी समुदायों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच कम है। आदिवासी समाज के लोग अपने धार्मिक स्थलों, खेतों, घरों आदि जगहों पर एक विशिष्ट प्रकार का झंडा लगाते हैं, जो अन्य धर्मों के झंडों से अलग होता है। आदिवासी झंडे में सूरज, चांद, तारे इत्यादि सभी प्रतीक विद्यमान होते हैं और ये झंडे सभी रंग के हो सकते हैं। आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं। वे प्रकृति में पाये जाने वाले सभी जीव, जंतु, पर्वत, नदियां, नाले, खेत इन सभी की पूजा करते हैं और वे मानते हैं कि प्रकृति की हरेक वस्तु में जीवन होता है।



### कोलंबस मार्गी बनाम कोलंबस विरोधी

यह हकीकत है कि आज आदिवासी समाज और अन्य वैश्विक समाज के बीच स्पष्ट दार्शनिक विभाजन दिख रहा है। जिसे हम वैश्विक समाज या ग्लोबल दुनिया कहते हैं, वह पूंजी के प्रसार के साथ जिस उपभोग की जीवन शैली को मानव समाज के बीच आरोपित कर रहा है, उसने देखते ही देखते प्रकृति को विनाश के कगार पर खड़ा कर दिया है। आज हम स्पष्ट रूप से प्रकृति से विलग और प्रकृति से रागात्मक रूप से जुड़े दो अलग-अलग समाज को देखते हैं। यह विभाजन सिर्फ भारत में या झारखंड में नहीं है, जहां आदिवासी समाज कथित विकास के उद्घोषकों से जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ रहा है। अगर हम ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बात करें, तो एक दुनिया 'कोलंबस मार्गी' है और दूसरा 'कोलंबस विरोधी'। इन दोनों की अपनी-अपनी जीवन शैली और सांस्कृतिक विशिष्टताएं हैं।

### संघर्ष की रणनीतियों पर गंभीरता से विचार की जरूरत

यह भी सच है कि आज की वैश्विक दुनिया आदिवासियों के पक्ष को सुनने के लिए तैयार नहीं है। दुनिया के कई देशों ने तो आदिवासियों का संहार कर उनके अस्तित्व को ही मिटा दिया है। जिन देशों में अब भी आदिवासी बचे हुए हैं, उन्हें अपने संघर्ष की रणनीतियों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। इस बात को गंभीरता से समझना होगा कि बाहरी हस्तक्षेप से आदिवासी समाज-व्यवस्था और उनका गणतंत्र बिखर गया है। इसके अवशेषों के साथ उनका दार्शनिक मूल्य ही है, जो अब भी बचा हुआ है। वैश्विक दुनिया में अलग-थलग रह कर अपने अस्तित्व को बहुत देर तक नहीं बचाया जा सकता है।

इसलिए अलग-थलग रहने की बजाय अपने मूल्यों के साथ दुनिया के सामने खड़ा होना ज्यादा कारगर रणनीति हो सकती है। गैर-आदिवासी समाज में भी आदिवासियत के मूल्य रोपे जा सकते हैं, यह विश्वास आदिवासियों की लड़ाई को विस्तार ही देगा। पूंजीवादी सभ्यता ने मनुष्य और प्रकृति को युद्ध और विनाश के जिस छोर पर ला खड़ा किया है, वही वैश्विक परिस्थितियां आज आदिवासी मुद्दों पर बात करने के लिए दबाव डाल रही हैं। यहीं से आदिवासी समाज के लिए वैश्विक रास्ता भी खुलेगा।

### वृहद जन आंदोलन की जरूरत

लोकतांत्रिक देशों में जनता का हित राजनीतिक गलियारों से होकर ही सधता है। भारत जैसे देश में, जहां कई समुदायों का आंतरिक विभाजन है, वहां देश की आबादी का कुल आठ प्रतिशत आदिवासी समाज संसद में अपने अधिकारों के लिए कोई राजनीतिक दबाव नहीं बना पाता है। आदिवासी समाज का मनोविज्ञान आज भी बाह्य समाज की मनोरचना से बिल्कुल अलग है। यह किसी भी प्रकार की कुटिलता में दक्ष नहीं है। परिणामस्वरूप आजादी के इतने वर्षों बाद भी मुख्यधारा की राजनीति में यह अपना केंद्रीय नेतृत्व उभार नहीं सका है। वैश्वीकरण के आज के दौर में आदिवासी समाज चौतरफा हमला झेल रहा है। एक ओर तो उसकी अस्मिता और अस्तित्व के आधारभूत तत्व जल, जंगल और जमीन उनके हाथ से छिनते जा रहे हैं, तो दूसरी ओर विकास के कथित प्रोपेगंडा ने उसके दार्शनिक अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। वहीं दूसरी ओर उसके समाज से ही एक ऐसा वर्ग जन्म ले रहा है, जो बाजार की चमक से अपनी भाषा, संस्कृति और जीवन शैली से दूर हो रहा है। यह ऐसा वर्ग है, जो समाज से जुड़े किसी भी संवेदनशील मुद्दे से खुद को अलग कर लेता है। ऐसे में बृहद जन आंदोलन से ही आदिवासी समाज अपने संकट से उबर पायेगा।

लेकिन इन तमाम अवरोधों के बावजूद अब इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस देश में आदिवासी भी रहते हैं। पर हर आदिवासी के जेहन में यह टीस रहेगी कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में उनके अस्तित्व से इनकार किया गया था। अब भी यही सच है कि आदिवासियों को एक संवैधानिक शब्द, जनजाति का दर्जा मात्र दिया गया है।

आदिवासी समाज अपने अस्तित्व और पहचान के लिए सदियों से संघर्षरत रहा है। आज जिस मुकाम पर यह समाज खड़ा है और मौजूदा हालात को देखते हुए यही लगता है कि इसे अपने अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई जारी रखनी होगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या आदिवासी समाज इस तरह की लड़ाई के लिए गोलबंद हो सकेगा। आदिवासियों को अपनी भाषा का संरक्षण और विकास के लिए स्वयं आगे आना होगा। आदिवासी जब तक अपने परिवार, गांव, अपने लोगों के बीच अपनी भाषा में बात नहीं करेंगे, तब तक भाषा का संरक्षण और विकास असंभव है। आदिवासी समाज की लगभग 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जहां बच्चे हिंदी नहीं जानते। ग्रामीण परिवेश के आदिवासी बच्चों के लिए शुरुआती दौर में हिंदी सीखना और फिर उच्च पढ़ाई के लिए अंग्रेजी में पढ़ना चुनौतीपूर्ण है। इसलिए धीरे-धीरे उन्हें अधिक रोजगारोन्मुख भाषा द्वारा पढ़ाया जा सकता है। आदिवासियों के सामने आज जो चुनौती है, उनका मुकाबला केवल आदिवासी ही कर सकते हैं। गैर-आदिवासी समुदाय उनकी मदद भर कर सकता है। झारखंड के संदर्भ में यह बात और भी सटीक है, क्योंकि झारखंड के आदिवासी सभ्यताओं-जीवन शैली के उस संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं, जहां एक तरफ उनकी सांस्कृतिक-पारंपरिक सोच पर राजनीतिक हित कुठाराघात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ पूंजीवादी समाज उनका वह हक भी छीन लेने पर आमादा है, जिनसे वे गहरे जुड़े हुए हैं।

---

राज्य सरकार पर हमलावर हुए बाबूलाल, कहा

# गरीबों की नहीं, अपनी दुकान पर ताला लगायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि हेमंत सरकार में अपराध का ठीकरा सिर्फ गरीबों पर फोड़ा जाता है। जब भी अपराध होते हैं, सरकार गरीबों की दुकान बंद कर देती है। आगे कहा कि एक बार रांची के मोरहाबादी इलाके में हत्या हुई थी, जिसके बाद हेमंत सरकार ने पूरे मोरहाबादी के ठेले-खोमचे वालों को बंद करवा दिया था। नतीजा यह हुआ था कि कई गरीब सड़क पर आ गये और भुखमरी तक की नौबत आ गयी। इस बार जमीन कारोबार में हत्या होने लगी तो सरकार द्वारा गरीब चायवालों, ढाबा वालों और चाय-नाश्ता बेच कर जिंदगी चलाने वालों पर कहर बरपाया जा रहा है। तर्क यह दिया जा रहा है कि यहां पर अड्डेबाजी होती है।



### गरीबों पर ही क्यों फोड़ा जाता है अपराध का ठीकरा?

बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आपकी सरकार में अपराध का ठीकरा बस गरीबों पर ही क्यों फोड़ा जाता है। कहा कि अगर मुख्यमंत्री सच में अपराध रोकना चाहते हैं, तो गरीबों की दुकानें नहीं, बल्कि अपनी दुकान बंद करें। अपनी उस दुकान पर ताला लगायें,

---

# छवि रंजन को बेल देने से इडी कोर्ट का इनकार, याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुना दिया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। अब छवि रंजन अपनी नियमित जामनत के लिए हाइकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना की कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

---

# भाजपा नेता ने युवक को मारी लात, थूक चटवाने का आरोप, वीडियो वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** सोशल मीडिया पर एक 28 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें एक युवक कान पकड़ कर उठक- बैठक करते दिख रहा है। अंत में उसे थूक चाटने के लिए कहा जाता है। वह झुक कर थूक चाट रहा है। वीडियो झारखंड के दुमका जिले में जरमुंडी की है। वीडियो में जो व्यक्ति उस युवक के साथ मारपीट और थूक चाटने के लिए मजबूर कर रहा है, वह पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर हैं।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पूर्व विधायक बताते हैं कि यह लड़का बगल के ही गांव साधुडीह का रहनेवाला है और इसका नाम तौसीफ है। उसके दादाजी मेरी जमीन पर फल दुकान चलाते हैं। रविवार को गांव के ही कुछ लोगों ने मुझसे शिकायत की थी कि तौसीफ गांव की महिलाओं का अश्लील वीडियो बनाता है। हम लोगों ने इसकी तहकीकात की। तहकीकात में अश्लील वीडियो बनाने की बात सामने आयी। इसी के बाद यह पंचायत बैठी थी। पंचायत में लोग काफी गुस्से में थे। वायरल वीडियो इसी पंचायत का है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक से थूक चटवाया जा रहा है। वीडियो में भाजपा के पूर्व विधायक

**भाजपा नेता ने कहा, युवक महिलाओं की अश्लील वीडियो बना रहा था, हम ऐसा नहीं करते, तो भीड़ उसे मार देती, बचा कर अपने घर लाया**

देवेंद्र कुंवर बीच में बैठे नजर आ रहे हैं। पहले कान पकड़वा कर उससे उठक-बैठक करवायी गयी। पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर दो बार उसे लात से भी मारते हैं। भीड़ ने आसपास उन्हें घेर रखा है।

### हम ऐसा नहीं करते, तो युवक के साथ कुछ भी हो सकता था

इस मामले पर पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर सफाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा, पंचायत में जमा लोग महिलाओं की अश्लील वीडियो बनाने से बहुत गुस्से में थे। भीड़ कुछ भी कर सकती थी। इसीलिए मैंने उसे लात मार दी। लड़का तो मेरे गांव घर का ही है। माहौल खराब होता देख कर मैं उसे अपने साथ घर लेकर आ गया। पूर्व विधायक ने थूक चटवाने की बात को झूठा करार देते हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, वह जमीन पर झुक कर सभी से माफी मांग रहा था। छोटी सी वीडियो को साजिश के तहत वायरल कर दिया गया है।

---

# भूमाफियाओं, भ्रष्ट थाना प्रभारी के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेगा किसान मंच : अवधेश सिंह

चंदन पांडे

**झंडा मैदान गिरिडीह में किसान पंचायत का आयोजन**

**किसानों पर ढाये जा रहे जुल्म के खिलाफ आंदोलन होगा**

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पचंबा थाना प्रभारी और गिरिडीह नगर थाना प्रभारी द्वारा भू-माफियाओं का लठैत बनकर गरीब किसानों को जमीन से बेदखल कर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने की साजिश किये जाने के विरोध में वृहद आंदोलन करने के लिए मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में किसान पंचायत आयोजित किया गया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए किसान मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भूमाफिया जब किसान बोबी देवी के जमीन को नहीं छीन सके तो पचंबा थाना प्रभारी ने बोबी देवी के बेटा दीपक गोस्वामी पर छेड़खानी का झूठा मुकदमा रजिस्टर्ड कर पोक्सो एक्ट में जेल भेज दिया। जबकि घटना का जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि भूमाफिया के लोग दीपक गोस्वामी के साथ छिनतई और बुरी तरह से मारपीट कर रहे हैं। किसान मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जोगेश्वर ठाकुर ने कहा कि बरमसिया मौजा के जिस जमीन पर जरियागादी के देवी हजाम एवं कट्टी कुम्हार के वंशज वर्षों से दखलकार चले आ रहे थे उस जमीन पर गिरिडीह नगर थाना प्रभारी भूमाफिया का लठैत बनकर भूमाफिया को कब्जा दिला रहे हैं और पैसे के लालच में उपायुक्त गिरिडीह के पत्रांक 2586 दिनांक 03/08/2023 की धज्जी उड़ा रहे हैं। किसान मंच के ने कहा कि भू-माफिया और पुलिस द्वारा किसानों पर ढाये जा रहे जुल्म के खिलाफ हम पूरे दमखम के साथ आंदोलन करेंगे और किसी भी हालत में किसानों का जमीन छीनने नहीं देंगे। किसान पंचायत में संचित गुप्ता, विजय कुमार, अन्ना मुर्मू, दासो मुर्मू, नबी अंसारी, थांभी मंडल, घनश्याम पंडित, छत्रधारी सिंह, खुशबू देवी, संतोष बास्के, अब्दुल अंसारी, जब्बार मियां, गुलाम मियां, अहलाद कोल्ह, धनेश्वर यादव, दीपक ठाकुर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

---

# नक्सलियों ने पोस्टर के जरिये कहा-जब तक सीआरपीएफ का एफओवी कैंप रहेगा, माओवादियों का बुबीट्रेप भी रहेगा

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ के एफओवी हटाने को लेकर नक्सलियों ने बैनर-पोस्टर लगाया है। यह पोस्टर कोल्हान वन क्षेत्रों में सोनुवा-लोंजो मुख्य सड़क के जोड़ापोखर चौक पर लगाया गया है। हालांकि पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। पोस्टर और बैनर में नक्सलियों ने कहा है कि कोल्हान वन क्षेत्रों में सीआरपीएफ का एफओवी कैंप जब तक रहेगा, तब तक माओवादियों का बुबीट्रेप भी रहेगा। बैनर और पोस्टर के नीचे पूर्वी रीजनल ब्यूरो भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी माओवादी लिखा है। बताया जा रहा है कि सोनुवा-लोंजो मुख्य सड़क के जोड़ापोखर चौक में ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह बैनर और पोस्टर सटा देखा। लगभग तीन साल बाद जोड़ापोखर चौक पर बैनर और पोस्टर लगाये जाने से ग्रामीणों में डर का माहौल व्याप्त हो गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने बैनर और पोस्टर जब्त कर लिया है।

www.epaper.azadsipahi.in

09 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 290

मिस यूनिवर्स इंडोनेशिया प्रतियोगिता की छह प्रतिभागियों ने कहा : आयोजकों ने 20 लोगों के सामने टॉपलेस किया






# संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू

- कांग्रेस बोली, पीएम का मौनव्रत तोड़ेंगे, भाजपा ने कहा, सोनिया का एजेंडा बेटे को सेट करना, दामाद को भेंट करना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का मंगलवार को 15वां दिन था। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर शाम छह बजे तक चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है कि बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना।

**गोगई ने सरकार से तीन सवाल पूछे :** गोगोई ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार मणिपुर में विफल हो गयी। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के सीएम, जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले दो-तीन दिनों में भड़काऊ कदम उठाये हैं, जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। गोगोई ने सरकार से तीन सवाल पूछे, प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गये, 80 दिन क्यों लगे मणिपुर पर बोलने में, बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले, आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया और मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया।

**निशिकांत गठबंधन पर बरसे, हर पार्टी का जिक्र किया :** सत्ता पक्ष की तरफ निशिकांत दुबे ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमें राहुल गांधी के बोलने की उम्मीद थी, पर वह नहीं बोले। लगता है, राहुल जी तैयार नहीं थे आज। देर से उठे होंगे। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर भी हमला बोला। कहा कि पीएम बोलते हैं कि यह अविश्वास प्रस्ताव नहीं, यह अपोजिशन में विश्वास प्रस्ताव है कि कौन किसके साथ है। निशिकांत ने गठबंधन में शामिल एक-एक दल पर निशाना साधा।

**गोगोई ने दिया था अविश्वास प्रस्ताव नोटिस :** विपक्षी गठबंधन की ओर से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने 26 जुलाई को मोदी सरकार के खिलाफ इस अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था, जिसे लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया था। 2014 से यह दूसरी बार है, जब मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। सूत्रों के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में 12 घंटे चर्चा होगी।

भाजपा को करीब सात घंटे का वक्त दिया गया है, जबकि कांग्रेस को सवा घंटे का, वाइएसआरसीपी, शिवसेना, जदयू, बीजेडी, बीएसपी, बीआरएस और लोजपा को दो घंटे का वक्त दिया गया है। लगभग एक घंटे का वक्त दूसरी पार्टियों और निर्दलीय सांसदों को दिया गया है। बुधवार को भी अवश्विास प्रस्ताव पर चर्चा होगी।



## विपक्ष आशंकाओं से भरा, इसीलिए अविश्वास प्रस्ताव लाये: नरेंद्र मोदी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक की। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कहा कि विपक्ष आशंकाओं से भरा हुआ है। विपक्ष यह बात दिखाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कुछ लोग कह रहे थे कि 2024 से पहले राज्यसभा में वोटिंग सेमीफाइनल है। उन पार्टी सांसदों का शुक्रिया, जिन्होंने यह सेमीफाइनल जीत लिया।

**विपक्षी दलों के सांसदों की भी हुई बैठक:** उधर, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले विपक्षी गठबंधन के सासंदों की बैठक हुई। इसमें सरकार को किस तरह से घेरा जायेगा, किन-किन मुद्दों को उठाया जायेगा, इसकी रणनीति बनी।

छह राज्यों में सात सीटों पर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा

# डुमरी में पांच सितंबर को मतदान, परिणाम आठ को

- पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई थी सीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का एलान कर दिया। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों के लिए मतदान पांच सितंबर को होगा। मतगणना आठ सितंबर को होगी। झारखंड में डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यह सीट पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण खाली हुई है। झामुमो स्व. महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद की शपथ दिला चुका है। वह यहां से झामुमो की उम्मीदवार होंगी। भाजपा अपने उम्मीदवार की घोषणा जल्द करेगी।

जानकारी के मुताबिक डुमरी की तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (माकपा), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई। त्रिपुरा की एक अन्य धानपुर विधानसभा सीट भाजपा नेता प्रतिमा भौमिक के इस्तीफे के बाद खाली हुई। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट दारा सिंह चौहान के सपा से इस्तीफे के बाद खाली हुई।

### चुनाव प्रक्रिया की अहम तारीखें

- अधिसूचना जारी होने की तारीख- 10 अगस्त
- नामांकन की अंतिम तारीख- 17 अगस्त
- नामांकन की जांच- 18 अगस्त
- नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख- 21 अगस्त
- मतदान की तारीख- पांच सितंबर
- मतगणना- आठ सितंबर
- चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का समय- 10 सितंबर

# हेमंत कैबिनेट की बैठक 11 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। राज्य में कई महत्वपूर्ण जलापूर्ति योजनाओं की स्वीकृति के साथ सड़क निर्माण की अहम योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। विभागों की ओर से तैयार प्रस्ताव को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने देने को कहा है। वहीं मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने बैठक की सूचना जारी कर दी है। यह बैठक शाम चार बजे से होगी।

## न्यूज रील्स

### व्हीलचेयर पर राज्यसभा पहुंचे मनमोहन सिंह

नयी दिल्ली। सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली सर्विसेज बिल पेश हुआ। इस पर वोटिंग हुई। वोट करने के लिए कांग्रेस की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी सदन पहुंचे। खराब तबीयत के चलते वह व्हीलचेयर पर बैठ कर आये थे। सोमवार देर रात भाजपा ने ही इस फोटो को शेयर कर कांग्रेस पर ताना कसा।

### राहुल को पुराना सरकारी बंगला वापस मिला

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को पुराना सरकारी बंगला 12 तुगलक लेन वापस मिल गया। संसद की हाउसिंग कमेटी ने राहुल की सांसदी बहाल होने के एक दिन बाद बंगला अलॉट किया। राहुल यह बंगला लेंगे या नहीं, इस पर उन्हें आठ दिन में जवाब देना होगा। राहुल ने बंगला वापस मिलने पर कहा कि मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। उधर, राहुल 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड भी जायेंगे।

### महाकाल के पुजारियों ने ओएमजी-2 के मेकर्स को नोटिस भेजा

उज्जैन। महाकाल मंदिर के पुजारियों ने फिल्म ओह माय गॉड (ओएमजी-2) के फिल्म मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है। उनका कहना है कि फिल्म में भगवान शिव का रूप गलत तरीके से दिखाया गया है। उन्हें बाजार में दुकान से कचौरी खरीदते दिखाया गया है। यह भगवान शिव के श्रद्धालुओं को आहत करता है। ओएमजी-2 सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रिलीज होनी है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया है।

### लैंड फॉर जॉब्स मामले में तेजस्वी पर सुनवाई टली

पटना। लैंड फॉर जॉब्स मामले में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर सीबीआइ की ओर से दायर चार्जशीट पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को होने वाली सुनवाई टल गयी है। 12 सितंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की गयी है। इस मामले में सीबीआइ ने 3 जुलाई को तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अगली सुनवाई में ये तय होगा कि चार्जशीट एक्सेप्टबल है या नहीं।

### असम राइफल्स के जवानों पर एफआइआर

नयी दिल्ली। मणिपुर पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल असम राइफल्स के जवानों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। आरोप है कि असम राइफल्स के जवानों ने राज्य पुलिस को बिष्णुपुर जिले में तीन लोगों की हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने से रोका।

# सीएम हेमंत सोरेन को इडी का नोटिस, 14 को बुलाया

- 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस भेजा है। उन्हें केस नंबर 25/23 के आधार पर यह नोटिस भेजा गया है। हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 14 अगस्त को इडी कार्यालय बुलाया गया है। इससे पहले इडी ने अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 18 नवंबर 2022 को करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। इडी ने इस पूछताछ में पत्थर खनन से जुड़े कई सवाल मुख्यमंत्री से पूछे थे।

गौरतलब है कि झारखंड भूमि घोटाला मामले में अब तक इडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, न्यूक्लियस मॉल के मालिक और कारोबारी बिष्णु अग्रवाल और बड़गाई अंचल सीओ भानुप्रसाद सहित कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## इडी ने विजिलेंस से पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम का रिकॉर्ड मांगा

**अमृतसर (आजाद सिपाही)।** पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री ओम प्रकाश सोनी के खिलाफ चल रही विजिलेंस की जांच में अब प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की एंट्री हो गयी है। इडी ने ओपी सोनी से जुड़ी जांच और दस्तावेजों का रिकॉर्ड विजिलेंस से मांग लिया है। गौरतलब है कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में बीती 9 जुलाई को विजिलेंस ने ओपी सोनी को उनके घर से गिरफ्तार किया था।

राजस्थान सीएम अशोक गहलोत का बड़ा फैसला

# लड़कियों से छेड़छाड़ करनेवालों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में लड़कियों से छेड़छाड, दुष्कर्म और दुष्कर्म का प्रयास करने वालों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा करने वालों के चरित्र प्रमाण पर लिखा जायेगा कि ये छेड़छाड़ में शामिल रहा है। मंगलवार को सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

सीएम गहलोत ने ट्वीट कर बताया कि राज्य सरकार ने फैसला किया है कि बालिकाओं, महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म करने वाले आरोपियों व मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जायेगा। इसके लिए छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जायेगा। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास एवं दुष्कर्म के आरोपियों एवं मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जायेगा।

कांग्रेस ने दी दूसरे चरण की यात्रा की जानकारी


# गुजरात से मेघालय तक होगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी जल्द ही बहुचर्चित भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने वाले हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने दावा करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से शुरू होकर पूर्वोत्तर राज्य मेघालय तक चलेगा। पिछले साल राहुल गांधी ने सितंबर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जो कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की थी।

कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा को काफी सफल माना था। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा जिन इलाकों से निकली, वहां कांग्रेस ने हाल ही में हुए विधानसभा में जीत हासिल की थी। कांग्रेस तो दावा कर रही है कि इस यात्रा के बाद से लोगों के मन में राहुल की छवि बदली है।

गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण में राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग चार हजार किलोमीटर पैदल चले थे। यह यात्रा करीब 130 दिन तक चली थी। हालांकि राहुल गांधी कब दूसरा चरण शुरू करेंगे, इसके बारे कोई तारीख और रूट सामने नहीं आया है। उम्मीद जतायी जा रही है कि यात्रा का पूरा प्लान जल्द ही तय कर निकाला जायेगा।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
06

# निर्वाचन विभाग की समीक्षा बैठक
## नये मतदाता का नाम जोड़ने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार कक्ष में उप टू डोर सर्वे करायें एवं छूटे हुए नए मतदाता का मतदाता सूची में नाम जोड़े। साथ ही प्राप्त फॉर्म 6, 7 और 8 को बीएलओ एप में इंट्री करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ के साथ बैठक करके एप में एंट्री करने की प्रक्रिया अगले दो दिनों के अंदर पूर्ण करें। साथ ही मतदाता सूची का मिलान करते हुये उप निर्वाचन पदाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होंने मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को दिया और कहा कि मतदान केंद्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध है, इस पर रिपोर्ट दें। सभी मतदान केंद्रों की शत प्रतिशत सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। पोस्ट मास्टर को पहचान पत्र की प्राप्ति और वितरण पर रिपोर्ट देने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिन मतदान केदो में फॉर्म 6, 7, 8 प्राप्त नहीं हो रहा है उन मतदान केदो के बीएलओ को फॉर्म एकत्रित करने के लिए प्रेरित करें। सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को ईएलसी किट प्रदान किया गया। जिसमें उपायुक्त ने कहा कि सभी को ईएलसी के माध्यम से अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत गतिविधि सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त को तिरंगा प्रदान किया गया। अशोक मंडल डाक अधीक्षक कोडरमा के द्वारा हर घर तिरंगा मुहिम के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज को प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा मुहिम चलाया जा रहा है। यह तिरंगा पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध है। हर पोस्ट ऑफिस में तिरंगा 24 रुपये प्रति प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार राम, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## डीएवी स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत तथा आजादी का अमृतकाल और आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच ग्रेट लीडर शो का आयोजन हुआ। इस आयोजन में नन्हें- मुन्ने बच्चे अलग-अलग राजनेताओं व देशभक्तों की वेशभूषा में बड़े ही प्यारे और मन मोहक लग रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों ने शो के माध्यम से महान देशभक्तों की निष्ठा, देश के प्रति समर्पण भाव और उनके बलिदानों को प्रदर्शित किया। इस शो का हिस्सा बन बच्चे बड़े ही उत्साहित दिखे। एलकेजी और यूकेजी के बच्चों में श्रीहान शांडिल्य सुभाष चंद्र बोस के रूप में प्रथम स्थान, प्रीति राज चंद्रशेखर आजाद बन द्वितीय स्थान और देवांश केशव सबके प्यारे चाचा नेहरू और निहाल मेहता चंद्रशेखर आजाद बन कर तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम की लक्ष्मी बाई बनी रशिका श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, सुहाशिनी एवं अश्विनी कुमारी सुभाषचंद्र बोस बन द्वितीय स्थान एवं सरोजनी नाइडू बनी सान्वी सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय की स्पर्धा गुप्ता लक्ष्मीबाई, इंद्रजीत कुमार चंद्रशेखर आजाद और अदिती यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भीमराव अंबेडकर बन हर्षित निराला, लक्ष्मी बाई बन सान्वी सिंह व महात्मा गांधी बनकर अध मोदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किड्स ग्रुप में निर्णायक की भूमिका, लक्की पाठक, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर में निर्णायक की भूमिका स्नेहा कुमारी, लक्ष्मी गुप्ता एवं संध्या कुमारी ने निभाई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने ग्रेट लीडर शो, क्राफ्ट मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों की सहभागिता को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। सीसीए का सफल संचालन सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह और मेहजबीं प्रवीण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## महिला प्रताड़ना जघन्य अपराध: अरुण ओझा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कोडरमा के तत्वधान में झुमरीतिलैया के गुमो स्थित काली मंडा प्रांगण स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को चलंत लोक अदालत सह विद्युत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महिला प्रताड़ना एक जघन्य अपराध है, चाहे वह आर्थिक रूप से हो, मानसिक रूप से हो या शारीरिक रूप से हो। किसी भी तरह से किसी महिला को प्रताड़ित करना जघन्य अपराध है। इसके लिए कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में वह लड़कों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है और बेहतर काम कर रही है। कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा कि लिंग परीक्षण करना और कराना दोनों भी अपराध की श्रेणी में आता है इसके लिए कानून में सजा का प्रावधान है। वही विवेकानंद विद्यालय के डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पीएलवी सुभाष मिस्त्री ने बाल विवाह से संबंधित मामलों की जानकारी दी। मौके पर पीएलबी कंचन कपूर, राजेश पांडे, अजय कुमार वर्मा, सुरेंद्र राणा, मनोज राणा, बालेश्वर राणा, राजू रविदास, संतोष राणा, सुरेश पंडित, बजरंगी लाल विश्वकर्मा, भीम लाल महतो, सीताराम वर्मा, महेश कुमार सहित सहित कई महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे राज्य सरकार: उमेश यादव



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्थानीय पिपचो बाजार शेड में जन अधिकार संघर्ष मोर्चा की एक आवश्यक बैठक की गयी। अध्यक्षता युवा इंटक जिला अध्यक्ष अरुण यादव व संचालन राजकुमार पासवान ने किया। वहीं बरकट्ठा विधानसभा के युवा नेता उमेश यादव ने कहा कि अगस्त महीना का प्रारंभ हो गया है और क्षेत्र में बारिश ना के बराबर हुआ है जिसके कारण किसान परेशान है। पिछले वर्ष भी वर्षा नहीं होने के कारण फसल नहीं हो पाया तथा राज्य के कई जिलों को सूखा क्षेत्र घोषित किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र सरकार को इस वर्ष सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानों के खाते में राहत सामग्री भेजा जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सर्पदंश से मौतें होने की शिकायत मिल रही है। परंतु सरकार इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। वहीं जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के राजकुमार पासवान ने कहा कि पूर्व विधायक तथा वर्तमान विधायक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के चक्कर में क्षेत्र की जनता को भरमा रहें हैं। परंतु जनता अब जागरूक हो चुकी है आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका जवाब दिया जायेगा। इंटक जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि विस्थापितों को विभिन्न तरह की सुविधाओं से अवरुद्ध कर विधायक तथा सांसद करोड़ों का ठेका का खेल खेल रहे हैं। मौके पर बैजनाथ यादव, रंजीत रजक, संतोष पासवान, संतोष यादव, बालेश्वर यादव, अजीत पासवान, बालेश्वर यादव, सहित दर्जनों मौजूद थे।

# आदेश के बाद भी नहीं हो रहा लीज नवीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रांची हाई कोर्ट के अधिवक्ता अतुल राय और वरुण भारती ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की हजारीबाग जिले में खास महल भूमि का लीज नही किया जा रहा है। ग्राम सिरका में होल्डिंग संख्या-35 प्लॉट संख्या - 13 कुल रकबा 8.73 एकड़ भूमि से संबंधित है। मामले की पूरी जानकारी देते हुये कहा की भूमि की लीज नवीकरण करने हेतु मामला आयुक्त न्यायालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में विचाराधीन चल रहा था। जिसमे न्यायालय ने उपरोक्त भूमि में से 6.03 एकड़ भूमि से संबंधित दस्तावेजों को नियमित करने तथा 1978 से 2038 तक का सलामी राशि मूल्यांकन कर वसूल करने को निर्देशित किया है। साथ ही लीजधारीगण को भूमि की चार दिवारी करने के लिए निर्देशित किया गया है और स्थानीय प्रशासन को सहयोग करने के लिए कहा गया है। परंतु न्यायालय द्वारा पारित आदेश के वर्षों बीत जाने के बाद भी प्रतिक्रिया शून्य हैं। आगे बताया की खास महल पदाधिकारी द्वारा विभागीय सचिव, उपायुक्त हजारीबाग व आयुक्त, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल न्यायालय द्वारा पारित आदेश को अनदेखा करते हुए लीजधारी को बाउंड्री करने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है और सलामी राशि की मूल्यांकन कर वसूल करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। विभागीय सचिव व उपायुक्त हजारीबाग द्वारा उपरोक्त भूमि से संबंधित सभी दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए ही 8.73 एकड़ में से 6.03 एकड़ भूमि का लीज नवीकरण करने हेतु सलामी राशि का मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया है। परंतु पदाधिकारी द्वारा विलंब किया जा रहा है। खास महल पदाधिकारी डेविड बलिहार से से पूछे जाने पर बताया की लापरवाही का आरोप गलत है। सही कागजात रहने पर लीज नवीकरण का कार्य अभी भी हो रहा है। विवादित जमीन रहने पर नोटिस जारी कर मामले की जानकारी ली जाती है। दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जाती है। फिर नवीकरण का कार्य किया जाता है।

## हजारीबाग के उपायुक्त से मिले पूर्व विधायक मनोज यादव
# अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** मंगलवार को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मिले। मौके पर पूर्व विधायक यादव ने उपायुक्त को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि बरही अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कई प्रखंडों के मरीज अपने इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल आते हैं। वही क्षेत्र बड़ा होने के कारण दुर्घटना होने पर भी प्राथमिक उपचार के लिए कई मरीजों का आना जाना लगा रहता है। वर्तमान स्थिति में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मात्र दो चिकित्सक उपलब्ध रहने के कारण बरही अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा व्यवस्था बदहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के लोगों की सुविधाओं और उपचार के लिए जल्द से जल्द चिकित्सकों की बहाली सुनिश्चित किया जाये, जिससे की बरही क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्स्कों की संख्या बढ़ाने को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिख कर उन्हें सौंपा। ज्ञात हो कि बरही अनुमंडल अस्पताल बरही सघन आबादी क्षेत्र का एक मात्र सरकारी चिकित्सा संस्थान है। बरही अनुमंडल मुख्यालय जी. टी. रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग के संगम पर स्थित है। जिस कारण आये दिन सडक दुर्घटनायें होते रहती है, परंतु चिकित्सक के कमी के कारण आम लोगों को इलाज में काफी कठिनाई होती है। समय पर चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कभी कभार दुर्घटना में घायल मरीज की मृत्यु भी हो जाती है। इसलिए बरही अनुमण्डलीय अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर आग्रह किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, अशोक यादव, युगल यादव, पिंटू ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, सचिन यादव आदि उपस्थित थे।

# समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले फुलवरिया के बिरहोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा स्थित वार्ड नंबर एक स्थित फुलवरिया के बिरहोरों ने जनता दरबार में उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। बुधन बिरहोर ने कहा कि पूरा गांव अंधेरे में है, आठ साल पूर्व बिजली के पोल तो गाड़ दिए गये मगर आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ। अंधेरे में सांप एवं जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है। मुनिया बिरहोरनी ने बताया की बरसात के दिनों में फुलवरिया बिरहोर कॉलोनी के अधिकतर घरों के छत से पानी टपकता है जिस वजह से बैठकर रात बिताना पड़ता है। अरुण बिरहोर ने सालों से खराब जलमीनार की तरफ ध्यान आकृष्ट करवाते हुए स्वच्छ जल मुहैया करवाने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क के लिए एनओसी एवं पूर्व में वन विभाग द्वारा पट्टा के तौर पर आवंटित जमीन का कब्जा दिलवाने की मांग को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा आवास, पूर्व में आवंटित जमीन पर कब्जा दिलवाने एवं पेयजल की समस्या के समाधान हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को भेजकर सत्यापन करवाती हूं ताकि आवास, पेयजल एवं पूर्व में आवंटित जमीन पर आप लोग काबिज हो सकें। उपायुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ममता बिरहोरनी, मुनिया बिरहोरनी, रेशमी बिरहोरनी, रीना बिरहोरनी, फूलवा बिरहोरनी, राधा बिरहोरनी, बुधन बिरहोर, मानिक बिरहोर, बजवा बिरहोर, अरुण बिरहोर, सिंकदर बिरहोर, बिजली बिरहोर, जगमोहन बिरहोर, मनोज रजवार, शंकर सिंह,बनिवर्तमान वार्ड पार्षद सचिन कुमार एवं आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी मौजूद थे।

## विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम छवनीया में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से लगाया गया। जिसका उद्घाटन मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली की यहां का ट्रांसफार्मर जल गया है, तुरंत विभाग को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। उद्घाटन पूर्व ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद का फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया और विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने विधायक को स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव पेयजल और सड़क की समस्या दूर होगी वहीं उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी बिजली संबंधित व ट्रांसफार्मर जलने की घटना होती है तो वह उनकी सूचना हम तक पहुंचाएं, उनके सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, मोहम्मद फयुम, मोईन,अब्दुल सलाम,मोहम्मद इस्माइल, मुन्ना,अहद राजा, सहूद, नाजिर, अमजद, ताजिम हुसैन, इमरान, जरीना खातून, सकीना खातून, गौरेशा प्रवीण सोनी खातून समेत कई लोग मौजूद थे।

# भारत छोड़ो आंदोलन के हुए 81 साल
## डोमचांच का शहीद स्मारक आजादी के दीवानों की सुना रहा दास्तां

संजीव




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारत छोडो आंदोलन को आज 81 साल हो गये। सन् 1942 का 9 अगस्त डोमचांच के लिए अविस्मरणीय है। इस दिन आजादी के दीवाने जुटे थे डोमचांच के तीमुहाने वाले चौक पर, अपनी आवाज बुलंद करने और देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिये। तब अंग्रेजों ने दमन के लिये जो कुछ किया उसका गवाह आज भी डोमचांच का वह चौक है जिसे शहीद चौक कहते हैं। आज भी शहीद चौक आजादी के दीवानों की दास्तां सुना रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कोडरमा जिले के वीर सपूतों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, और देश की आजादी की खातिर अपनी कुर्बानियां दी। सन 1942 में अंग्रेजी सरकार के खिलाफ भारत छोडो आंदोलन डोमचांच सहित झुमरीतिलैया और कोडरमा में काफी जोर पकड़ा और डोमचांच आंदोलनकारियों का गढ़ बना। आंदोलनकारियों ने 8 अगस्त 1942 को डाकघर और कलाली को फूंक दिया था। पुनः 9 अगस्त को आन्दोलनकारी जमा हुये थे, आंदोलन को कुचलने के लिए तत्कालीन आरक्षी अधीक्षक जी रसल ने आंदोलनकारियों पर लाठी-गोलियां चलवायी। पहले लाठी चली पर आजादी के दीवानों को कहां इसकी परवाह थी। तभी अचानक गोलियां चलने लगी, लोग तीतर बितर हुये और जब धुंध छटी तो आजादी की इस लडाई में डोमचांच के नुनमन धोबी, चुरामन मोदी शहीद हो चुके थे। वहीं मंगर साव और उदित नारायण मेहता को भी गोली लगी जिनकी बाद में मौत हो गयी। घटनास्थल पर इन वीर सपूतों के स्मारक बनवाये गए और इस चौक का नाम शहीद चौक रखा गया। डोमचांच का शहीद चौक अब भी प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है पर इसे विकसित कर राष्ट्रीय धरोहर बनाने की दिशा में अबतक कोई पहल नही हो सकी है। 1942 में करो या मरो आंदोलन में विश्वनाथ मोदी भूमिगत आंदोलनकारी थे। डोमचांच में 9 अगस्त के आन्दोलन के बाद इनको पुलिस ने पकड़ लिया था और एसपी रसल ने चाबुक से इतना पीटा कि ये मरणासन्न हो गये। इंहें मरा समझ कर ट्रक पर फेंक दिया गया था। हालांकि इनकी सांस चल रही थी। बाद में इनका इलाज कराया गया। जब लोगों को इनके जिंदा रहने की खबर मिली तो इलाके में दीये जलाये गये थे। ये कोडरमा से तीन बार 1967, 1969 और 1977 में विधायक चुने गये। वर्ष 2011 के 14 फरवरी को विश्वनाथ मोदी का निधन हो गया था।

## संत कोलंबा कॉलेज में विदाई समारोह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संत कोलंबा महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड विभाग में सत्र 2022- 24 के प्रशिक्षुओं के द्वारा सत्र 2021-23 के भावी शिक्षक शिक्षिकाओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जूनियर प्रशिक्षुओं ने जबरजस्त प्रोग्राम किया। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ.विमल रेवेन, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रभारी प्राचार्य वर्तमान प्रोफेसर इंचार्ज विज्ञान मिश्रा, जेआर दास और कला वोकेशनल इंचार्ज डॉ सोमक विश्वास, अमित सोरेन विभागा अध्यक्ष भूगोल, बीएड विभागा अध्यक्ष डॉ सीआर जॉन, डॉ अंबेडकर भागवत, डॉ अर्चना सिन्हा, डॉ राबिया खातून, डॉ प्रेमलता सिंह, प्रो मंजुला भगत, डॉ अनिमा लकड़ा, प्रो अतुल्य हेरेंज प्रो धीरज गुप्ता, शिक्षकेतर कर्मी मुन्ना उर्फ मुनेश्वर कुमार, प्रमिला इस फेयरवेल प्रोग्राम में नेट परीक्षा में देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाला विद्याधर कुमार को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किये गये।

## विष्णुगढ़ में शहीद दिवस मनाया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के बनासो स्थित झामुमो नेता गौरव पटेल के आवास में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मांडू विधानसभा के युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि शहीद निर्मल महतो अपने जीवन काल में झारखंडियों के हित के लिए हमेशा आंदोलन करते रहे। शहीद निर्मल महतो झारखंड के लोगों के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रखंड संजोजक मंडली सदस्य कपिलदेव चौधरी, पुरन महतो, संजय प्रजापति, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, राजू श्रीवास्तव, यशोदा देवी, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, विनय कुमार दास, रामकिशोर महतो, देवीराम हेंब्रम, छोटेलाल बेसरा, बाबूचंद मांझी, सुरेश मांझी, शरीफ अंसारी, मनौवर आलम, नसरूल्लाह खान, महादेव मुर्मू, शिबू सोरेन, होपन मांझी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुखिया ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत देवी मंडप से नागों राम के घर तक 15वें वित्त पीसीसी पथ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मुखिया ललीता देवी के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। मुखिया ललीता देवी ने कहा कि पंचायत में विकास की गंगा बह रही है पंचायत अंतर्गत कई कार्य सम्पन हो चुके है जिसका उद्घाटन किया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, सोहन राम, प्रदीप राम, अमर पांडेय, केदार राम, ईश्वर राम, मिथिलेश पांडेय, रंजीत पांडेय, भीम राम, बीरेंद्र यादव, गोलू ,साजन और अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक



**हजारीबाग।** 8 अगस्त को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 4 वर्षीय स्नातक के आठों समय सत्र के पाठ्यक्रम का निर्धारण के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में दुमका स्थित सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय के रविंद्र कुमार सिंह चौधरी, संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग से प्राध्यापक डॉ राजकुमार चौबे, डॉ जेपी रविदास, डॉ प्रदीप प्रसाद, पीजी विभाग से डॉक्टर यामिनी सहाय, प्रोफेसर विजय कुजुर ने भाग लिया और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के विनोबा भावे विश्वविद्यालय समन्वयक डॉक्टर इंद्रजीत कुमार ने बैठक में कई सुझाव दिये और दिशा निर्देश दिये, आज के बैठक में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी फॉर्मेट के आधार पर आठो समसत्र के पाठ्यक्रम पर विस्तार से चर्चा के उपरांत अंतिम रूप दिया गय। पाठ्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर विषय वार चर्चा की गयी विशेषज्ञों ने दर्शनशास्त्र पाठ्यक्रम में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं को विषय वार चर्चा कर सिलेबस में रखा, समय की मांग को देखते हुये पाठ्यक्रम को आधुनिक बनाया गया। पाठ्यक्रम की एक प्रति विश्वविद्यालय के संबंधित कोषांग में भेजी जायेगी आवश्यक कार्रवाई हेतु और अन्य अध्यापकों को भी पाठ्यक्रम की कॉपी उपलब्ध कराई जायेगी।

## आजसू ने मनाया निर्मल महतो का शहादत दिवस



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत भवन केरेडारी में आजसू प्रखंड कमिटी के द्वारा अलग झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी व जनप्रिय झारखंड के मसीहा जिनके बलिदान पर अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ वीर शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो तथा संचालन प्रखंड सचिव मोहन कुमार ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने शहिद निर्मल महतो के तस्वीर पर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य पंकज साहा ने शहीद निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डाले और बोले कि शहिद निर्मल महतो अलग झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे 22 जून 1986 को आजसू का गठन किया गया। उस समय जेएमएम के तत्कालीन केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल महतो थे झारखंड आंदोलन को गति देने के लिए छात्रों को जोड़ा वे जानते थे कि जबतक आंदोलन मे छात्रों को नहीं जोड़ेंगे आंदोलन सफल नहीं होगा और उन्ही के सोच और विचार से आजसू का गठन किया गया। इसलिए इन्हे आजसू का संस्थापक भी कहा जाता है प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि शहिद निर्मल महतो के बलिदान के बदौलत ही झारखंड का निर्माण हुवा है अतः इनके बताए रास्ते पर चल कर ही झारखंड प्रदेश का नव निर्माण हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पंकज साहा, प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, प्रखंड सचिव मोहन कुमार, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोहर साव, प्रमोद कुशवाहा, महेंद्र महतो, विकास कुमार, वासुदेव महतो, फुलेश्वर महतो, मो. काशिम, बलराज भुइयां, गोविंद पासवान, दिलावर अंसारी तथा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने स्वयंसेवकों को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का दिया आश्वासन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सनी कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर स्वयंसेवकों ने बड़कागांव विधानसभा विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा मानसून सत्र में सदन में मुद्दा को उठाने के लिए स्वयंसेवक संघ के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। संघ के लोगों ने हजारीबाग हुरहुरू आवास में विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कराने का अपील किया है। जिसे देखते हुए विधायक ने लोगों को जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से श्याम भार्गव, सरोज कुमार, रविंद्र कुमार, संतोष कुमार, गीता देवी, उमा देवी , नूतन, प्रियंका कुमारी, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार, नारायण महतो, राजेंद्र महतो, राजू विश्वकर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, नितेश कुमार, भुनेश्वर महतो, राजेश साहू, शंकर कुमार, भूपेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ में शहीद निर्मल महतो की 36वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

# निर्मल दा के सपनों को साकार करने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहीद निर्मल महतो के 36वीं पुण्यतिथि पर कोठार स्थित शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के तत्वावधान में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक ममता देवी, वार्ड पार्षद जयंती देवी और अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने संयुक्त रूप से शहीद निर्मल महतो प्रतिमा माल्यार्पण कर किया। मौके पर अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करना हम सभी झारखंडियों का दायित्व है, शहीद निर्मल महतो के खुशहाल झारखंड के सपनों को साकार करने के लिए आज जरूरत है कि हम सभी लोग उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही खुशहाल झारखंड का निर्माण कर सकते हैं।

**शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के प्रेरणा स्रोत थे: ममता**

मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने झारखंडी संस्कृति, अधिकार और अस्मिता की लड़ाई जीवन पर्यन्त लड़ते रहे। वर्तमान परिदृश्य में आज हम आवाम को उनके आदर्शों और उद्देश्य को आत्मसात कर झारखंड के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है। ये थे उपस्थित शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, संरक्षक सुरेश महतो, अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद, महेश निगम राजू रंजन, मुकेश महतो, शिवशंकर महतो, इंद्रदेव महतो, रवि महतो, अनिल पटेल, श्यामलाल महतो, दुबराज महतो, ललित महतो, अनिल महतो, रूपलाल महतो, बबिता रंजन, सुधांशु रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शहीद निर्मल महतो की जगह कोई नहीं ले सकता: बिनोद किस्कू

**रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़ के द्वारा जिला कार्यालय के प्रांगण में झारखंड के आंदोलनकारी नेता सह पार्टी के पुर्व केंद्रीय अध्यक्ष अमर शहीद क्रांतिकारी नेता शहीद निर्मल महतो के 36वां शहादत दिवस पर उनको नमन किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू संचालन जिला सचिव बिनोद कुमार महतो ने किया। इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

मौके पर जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कु ने कहा कि कुछ दिनें इस राज्य की ऐसी हैं, जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के इतिहास में एक पत्थर की लकीर है। उन्हीं में से आज का यह दिन भी है। आज शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस है, जिन्होंने पार्टी का, इस राज्य का और झारखंड के निवासियों का मार्गदर्शन किया है।











उन्होंने कहा कि आज का दिन इस राज्य और हमारी पार्टी के लिए एक ऐसा दिन है, जहां हमने एक ऐसे व्यक्ति को खोया। जिनकी जगह कभी कोई नहीं ले सकता। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, केंद्रीय सदस्य मधु साव, जिला कोषाध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद उर्फ भुन्नु महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष विजय किस्कू, संतोष कुमार, महेंद्र मुण्डा, बरतु करमाली, रामचंद्र वर्मा, गीता विश्वास, बीना देवी, गीता देवी, दिलीप कुमार शर्मा, अरुण बनर्जी, राम किशन गिरी, नरेश हासंदा, सुरेश चंद पटेल, राजनाथ महतो, रामनाथ महतो, खुदीराम महतो, विमल करमाली, विनय मुन्ना, शिवलाल हांसदा, असादुद्दीन अंसारी, सतीश मुर्मू, मुमताज अंसारी, शिव कुमार करमाली, जावेद अंसारी, सकलदेव करमाली, रामकुमार मांझी, मंतोष सिंह, मकसूद खान, सुशांत भारती, योगेंद्र यादव, मुमताज अंसारी, आर एन सिंह, कामलेश पांडेय, राम किशुन गिरी, लुकेश्वर चौधरी, फकरुद्दीन अंसारी, करण नायक, हेमंत मुर्मू, त्रिवेणी करमाली, इरफान खान, सोहेल खान, विजय राम, आशु कुमारी, मुरलीधर कोठारी, कन्हैया ठाकुर, नितेश करमाली, अकरम अंसारी, राजा खान, शिवम हसदा आदि उपस्थित थे।

### वे झारखंडियों के लिए बने रहेंगे आदर्श : झामुमो

**कुजू।** झामुमो मांडू प्रखंड समिति ने आठ अगस्त को शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस नयामोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा व संचालन प्रखंड सचिव सुरेशचंद पटेल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, वरिष्ठ नेता रामचंद्र वर्मा, संतोष कुमार शामिल रहे। इस दौरान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया। मौके पर मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के मौके शहीद निर्मल महतो अमर रहे के जयकारा नारे लगाये। इस अवसर पर राजनाथ महतो, मोगलचंद्र पटेल, राम सिंह, हुलास मांझी, राजू रहमान, रामनाथ महतो, वासुदेव गंझू, उत्तम कुमार, हरिशंकर प्रसाद, मंतोष सिंह, विजय राम, वीरेंद्र रविदास, विजय किस्कू, बैजनाथ ठाकुर, मंगु मांझी, आरएन सिंह, बोधन मांझी, विजय महतो, बैजनाथ ठाकुर, राजदीप महतो, यासीन, रंजीत कुमार महतो, उमाशंकर गुप्ता, प्रकाश चौहान, शशि, अमन, रामकुमार मांझी, भोला मुर्मू, महादेव रविदास, जय कुमार, विष्णु देव, अजय, विशाल, विनोद चौहान, विकी, ओम करमाली, प्रदीप महतो, राजा खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उनके बताये रास्ते पर चलने की जरूरत: गंगाधर

**पतरातू।** आजसू पतरातू प्रखंड कमिटी द्वारा पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी आजसू कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो का जीवन झारखंड लिए समर्पित रहा उन्होंने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई के क्रम में शोषण के विरुद्ध और गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठायी और जमीनी स्तर झारखंड आंदोलन में युवाओं को जोड़ने का काम किया। जिसका परिणाम है कि झारखंड राज्य अलग हुआ। इसलिए शहीद निर्मल महतो के बताए रास्ते पर चलने की आज जरूरत है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, भुवनेश्वर महतो, राजू कुमार, राहुल रंजन, अशोक पाठक, विक्रांत साहू, विश्वरंजन सिन्हा, ब्रजेश सिंह, राजेश पटेल, मनोज राम, रवि कुमार, उमेश महतो, रूपेश महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में याद किये गये स्व. निर्मला महतो

**भुरकुंडा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को झामुमो के प्रधान कार्यालय भुरकुंडा में झारखंड के महानायक वीर शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झामुमो नेताओ ने स्व. निर्मल महतो के तस्वीर पर माल्यापण कर किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में उदय अग्रवाल, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, शौकत अंसारी, आजाद अंसारी, सत्यनारायण यादव, हीरामन राम, सनोज, आदित्य राम, पंकज, रामदास राम, टुनटुन बेदिया, चंद्रदेव बेदिया, कामेश्वर करमाली, चरकू गंझू, टिंकु बेदिया सहित झामुमो के कई लोग मौजूद थें।

## झारखंड को नहीं संभाल पा रहे हैं सीएम हेमंत सोरेन: योगेश दांगी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साव की हत्या सहित क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिन्ता जताते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि योगेश कुमार दांगी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में पतरातू क्षेत्र की स्थिति बहुत ही गम्भीर है। लगातार मौत का खेल अपराधियों द्वारा खेला जा रहा है और राज्य सरकार एवं प्रशासन हांथ पर हांथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। यहां तक की नामचीन अपराधी जेल में बैठ कर आपराधिक घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं। जिससे साफ पता चलता है की जेल में भी कितने रसूख के साथ रहते हैं और मन मुताबिक जेल प्रशासन के नाक के नीचे अपना काम कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने क्या स्थिति बना दिया है आपने झारखंड का। जहां हत्या, लूट, बालात्कार की घटनाएं तो आम हो गई हैं। राज्य में जहां खुद पुलिस प्रशासन सुरक्षित नहीं है वहां आम जनता की क्या औकात है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड को नहीं संभाल पा रहे हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद केवल पीड़ित परिवार के साथ होने का दिखावा मात्र कर रही हैं। क्षेत्र की जनता की कोई चिंता नहीं है। अभी लगातार कुछ ही महीनों में केवल पतरातू क्षेत्र में 5 से 6 बड़ी घटनाएं घटी। लेकिन उसका रिजल्ट क्या हुआ एक और नई घटना। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटना में लगाम लगाने को लेकर कोई भी सार्थक पहल विधायक द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करते हुए रौशन साव के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने की मांग की है।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का रामगढ़ में क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक 11 को



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का आगामी 11 अगस्त को तुलसी भवन रामगढ़ में वैश्य क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक होगी। इसमें आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा वैश्यों को मान-सम्मान, अधिकार, नौकरियों तथा विकास योजनाओं में आरक्षण के साथ समुचित भागीदारी, व्यवसाय में संरक्षण और सहयोग के साथ-साथ राजनीति में हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। और आगे भी इस लड़ाई को जारी रखना है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 11 अगस्त को रामगढ़ की पवित्र और क्रांतिकारी धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष और प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को केवल शामिल ही नहीं होना है। इस बैठक में आगे की रणनीति और कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी।

## लपंगा पंचायत में सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का हुआ गठन







**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लपंगा पंचायत में सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर क्लब के सदस्यों के लिए मंगलवार को ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया आनंद दुबे ने किया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से 13 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बालदेव बेदिया, सचिव विजय कुमार यादव और जाबिर अंसारी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में 10 लोग शामिल हैं। मौके पर पंचायत सचिव किस्टो महतो, उप मुखिया संजय बेदिया, पंचायत समिति प्रतिनिधि विपिन कुमार, क्रांति किशोर, रवि श्रीवास्तव, मनीष कुमार, राजकुमार बेदिया, सूरज कुमार, नूर हातिम, गौतम बेदिया, प्रकाश सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थें।

## सेवटा में रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण कराने के लिए गोलबंद हुए ग्रामीण

# डीआरएम, डीसी, विधायक और अन्य अधिकारियों को लिखा पत्र

**चार दिनों के अंदर रामगढ़ डीसी खुद करेंगे स्थल निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले के सेवटा गांव में रांची रोड -गोमो रेलखंड पर रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने की सूचना ने ग्रामीणों के होश उड़ा दिये हैं। मंगलवार को रेलवे के अधिकारी रेलवे क्रॉसिंग को बंद कराने आए थे। लेकिन वहां पर ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर लगभग 25 गांव के ग्रामीण गोलबंद हो गये। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीआरएम, डीसी, विधायक व अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि गेट नं0 32/B1/T को बंद करने के पूर्व ओवरब्रीज बनवाने हेतु प्रमंडलीय रेलवे प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे धनबाद प्रमंडल के साथ-साथ डीसी कार्यालय में आवेदन दिया गया था। माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा अनुशंसा पत्र डीआरएम को दिया जा चुका है। रेलवे क्रॉसिंग को बंद कराने के लिए प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि परमानंद प्रसाद, सहायक डीविजनल अभियंता, बरकाकाना के द्वारा 12 को गेट का, जहां ओवरब्रीज बनना प्रस्तावित है, का भौतिक सत्यापन ग्रामीणों की उपस्थिति में कियागया था। उन्होने उसी दिन यह स्पष्ट किया कि वैकल्पीक निर्मित सड़क हम ग्रामीणों और आस-पास के 25-30 गांवों के हित में नहीं है।वैकल्पिक व्यवस्था हेतु उन्होने पोल नं0 90/25 तथा 90/27 के बीच ओवरब्रीज के निर्माण हेतु स्थल को चिन्हित किया था। अगर उक्त गेट को बंद कर दिया जाता है तो सेवटा के ग्रामीणों को खेतीबारी करने के लिए रास्ता अवरूद्ध हो जायेगा। छात्र-छात्राओं को विद्यालय तथा महाविद्यालय जाने में काफी असुविधा होगी। हम सभी 25-30 गावों के ग्रामीणों के लिए

पुराना एन.एच.-33 जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बच जायेगा। ग्रामीणों की इस मांग पर डीसी चंदन कुमार ने तत्काल पहल की है। उन्होंने कहा है कि चार दिनों के अंदर वह खुद स्थल निरीक्षण करेंगे और उचित निर्णय लिया जायेगा।

## भाजपा नेता कमलेश ने अपने जन्मदिन पर पौधा वितरण किया

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी के भाजपा मिडिया प्रभारी कमलेश महतो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जेएमएच पब्लिक स्कूल बेयांग के बच्चों के बीच केक काटकर व कई किस्म के फलदार पौधों का वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया! इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों को संदेश दिया कि एक वृक्ष अवश्य लगायें और पर्यावरण को सुरक्षित करने में आप साथ दें आज के दौर में जिस तरह से पेड़ पौधा की धुआंधार कटाई की जा रही है इससे मेरा वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है और इसे सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है इस दौरान बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया साथ में बड़े भईया अशोक कुमार, विशाल सिंह, राज देव, अनीश पाण्डेय, हीरालाल महतो, जगरनाथ महतो, नवीन कुमार, रूकेश कुमार स्कूल के प्राचार्य धीरज सिंह, व अन्य साथी गण उपस्थित थे।

## 10 से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए खिलायी जायेगी दवा




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान 10 अगस्त से प्रारंभ किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी प्रखंडों के सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वजन दवा सेवन अभियान का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सहयोगी संस्था पीसीआई और पीरामल द्वारा दी गयी है। सभी लाभुकों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने ही दवा का सेवन करायेंगे। इस अभियान के दौरान तीन प्रकार की दवा का सेवन कराया जायेगा। इनमें डीइसी और अल्बेंडोजोल के अलावा आइवरमेक्टिन को शामिल किया गया है। ये जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान से पूर्व आयोजित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने दी। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी डॉ श्याम किशोर कांत तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के जोनल कॉर्डिनेटर डॉ एजिहिलारसन, वीबीडी कंसल्टेंट अभिमन्यू कुमार, एफएलए प्रदीप सोनी भी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने अपील किया कि लोग स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा का सेवन करें, दवा की आपूर्ति की जा चुकी है।

**हाथीपांव खतरनाक, दवा का सेवन जरूरी:** डॉ श्याम किशोर कांत ने बताया कि दवा सेवन से पूर्व आवश्यक बातों का ध्यान रखना जरूरी है। दवा का सेवन भूखे पेट नहीं करना है। साथ ही दो वर्ष से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोग से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलानी है। हाथीपांव जैसे गंभीर रोगों की रोकथाम के लिए दवा का सेवन जरूरी है। फाइलेरिया से संक्रमित व्यक्ति के पैर में सूजन आ जाती है, इसे आमभाषा में हाथीपांव भी कहा जाता है। यह मादा मच्छर क्यूलेक्स के काटने से होता है।

**धर्मगुरु भी जागरूक करने आये आगे :** पीसीआइ तथा पीरामल द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मंदिरों और मस्जिदों के धर्मगुरु से मिलकर लोगों को दवा सेवन कराने के प्रति अपील करायी जा रही है। इसके अलावा सदर अस्पताल में मिलने वाली ओपीडी पर्ची पर फाइलेरिया उन्मूलन स्लोगन का मुहर लगाया जा रहा है। इस मौके पर डीटीसी यक्ष्मा डॉ उत्तम कुमार, पीरामल से डीपीओ विजय प्रकाश पांडे, डिटिस्ट्रक्ट लीड गरिमा, पीसीआई डीएमसी अभिषेक कात्यायन तथा अन्य मौजूद रहे।

## रामगढ़ में 108 एंबुलेंस के चालक-टेक्नीशियन परेशान

# बकाया मानदेय की मांग को लेकर किया आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग का हाल एक बार फिर काफी दयनीय हो गया है। अस्पतालों में मौजूद आपातकालीन सेवा 108 के एंबुलेंस अचानक से ठप पड़ गये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि एंबुलेंस का चक्का कब घुमेगा इसका पता किसी को नहीं है। एंबुलेंस के चालक और टेक्नीशियन मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि जिकित्जा हेल्थ केयर लि. प्रबंधन ने पिछले 5 महीने से एंबुलेंस के चालक व अन्य कर्मचारियों का मानदेय का भुगतान नहीं किया है। रामगढ़ जिले में सरकारी अस्पतालों में 40 से अधिक एंबुलेंस के कर्मचारी कार्यरत हैं। यह सभी ठेके पर रखे गये थे। लेकिन पिछले 5 महीनों से इन लोगों के मानदेय का भुगतान बंद कर दिया गया है। पिछले 5 महीनों से आश्वासन पर जिंदा एंबुलेंस चालक और टेक्नीशियन अब इसलिए उग्र हो गए क्योंकि इनकी कंपनी का ठेका अब खत्म हो रहा है। 17 अगस्त को जब इनका टेंडर खत्म हो जायेगा, तो दूसरी कंपनी आपातकालीन सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकृत कर दी जायेगी। दूसरी कंपनी अधिकृत हो जायेगी तो फिर 40 से अधिक कर्मचारियों का मानदेय अधर में लटक जायेगा।

**प्रबंधन कर्मचारियों की मांग नहीं मानती है तो एंबुलेंस का सायरन बंद ही रहेगा:** अस्पताल चालक राजेश कुमार ने बताया कि पिछली बार जिस कंपनी को आपातकालीन सेवा के लिए अधिकृत किया गया था, उसने सभी ड्राइवर और टेक्नीशियन का रजिस्ट्रेशन करवाया था। अब दूसरी कंपनी आयेगी तो उसके द्वारा भी सभी आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। यहां तक कि एंबुलेंस के चालकों को यह निर्देश भी दिया गया है कि 18 अगस्त से पहले सभी एंबुलेंस दूसरी कंपनी को हैंड ओवर कर दिया जाये। लेकिन यह तभी संभव होगा जब अस्पताल प्रबंधन बकाया मानदेय का भुगतान कर देगी। अगर अस्पताल प्रबंधन कर्मचारियों की मांग नहीं मानती है तो एंबुलेंस का सायरन बंद ही रहेगा।

**108 एंबुलेंस की सेवा एजेंसी के तहत संचालित होती है: सीएस**

इस पूरे मामले में रामगढ़ की सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि 108 एंबुलेंस की सेवा एजेंसी के तहत संचालित होती है। उनके मानदेय का भुगतान एजेंसी ही करती है। सिविल सर्जन कार्यालय से उनके मानदेय का भुगतान नहीं होता है। हालांकि एंबुलेंस के स्ट्राइक पर जाने से कार्य तो काफी प्रभावित होता है। इसी वजह से एजेंसी के संचालकों से बात की गई है। 8 से 10 दिनों के अंदर उनके भुगतान होने का संदेश दिया गया है।

## उरीमारी में सिदो-कान्हू खेल क्लब का गठन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल उत्तरी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को ग्राम स्तरीय सिदो-कान्हु युवा खेल क्लब का गठन को लेकर क्लब के सदस्यों के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया आशा देवी ने की। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से 16 सदस्य समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सनी कुमार साव, उपाध्यक्ष प्रियरंजन कुमार, सचिव रोशन शर्मा, सहित सदस्यों में धीरज कुमार, उज्जवल पांडे, मनीष कुमार, अजय कुमार भगत, विशाल कुमार पासवान,पिंटू मुंडा, आशीष यादव,निलेश कुमार सिंह, अंकित कुमार, रमेश कुमार, मीना देवी, दुर्गावती देवी, दीपक कुमार बनाए गए। मौके पर मुखिया आशा देवी ने युवा खेल क्लब के चुने गये कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी साथ ही पूरे कर्मठता और ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव, पंचायत सचिव चन्द्रपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी, उपमुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य गीता कुमारी,सीता देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, मंजूलता कुमारी, अमित कुमार सिन्हा, अनूप कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, टाइगर सिंह,सुधा सिन्हा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# विपक्ष की ताकत बढ़ी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सोमवार को उनकी संसद सदस्यता भी बहाल कर दी गयी। चूंकि संसद के मौजूदा मॉनसून सत्र के अब कुछ ही दिन बचे हुए हैं और मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू होनी है, इसलिए कांग्रेस यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि सोमवार को ही राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो जाये। हालांकि लोकसभा सचिवालय की ओर से न तो देरी का कोई संकेत था और न ही देरी हुई फिर भी इसे कांग्रेस की आशंका कहिए कि उसने देरी के जरा से संकेत पर सोमवार को ही सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रखी थी। इससे यह भी अंदाजा होता है कि अविश्वास प्रस्ताव के दौरान राहुल गांधी का संसद में होना और कांग्रेस की ओर से सरकार पर होने वाले हमले की अगुआई करना उसके लिए कितना अहम था। राहुल गांधी इस दौरान कैसी भूमिका निभाते हैं और उसका कितना प्रभाव सदन के अंदर और बाहर बनने वाले माहौल पर होता है यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि सदस्यता बहाली से आम तौर पर विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। सत्तारूढ़ पक्ष इसकी काट के रूप में बार-बार दोहरा रहा है कि राहुल गांधी की सजा पर बस अस्थायी रोक लगी है, उन्हें निर्दोष नहीं ठहराया गया है।

**बयान देना या संसद में सब मिल कर सरकार पर हमला बोलना आसान है, विपक्षी एकता का कांटा तो फंसना है सीट बंटवारे पर। यह बात सभी दलों को पता है। ऐसे में राहुल गांधी का रुतबा और कांग्रेस का उत्साह बढ़ना दूसरे दलों के मन में असुरक्षा बढ़ा सकता है।**

यह सवाल भी बना हुआ है कि विपक्षी खेमे में दिख रहे इस उत्साह को कितना टिकाऊ माना जाना चाहिए। बयान देना या संसद में सब मिल कर सरकार पर हमला बोलना आसान है, विपक्षी एकता का कांटा तो फंसना है सीट बंटवारे पर। यह बात सभी दलों को पता है। ऐसे में राहुल गांधी का रुतबा और कांग्रेस का उत्साह बढ़ना दूसरे दलों के मन में असुरक्षा बढ़ा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई कमजोर कड़ियों के छिटकने की शुरुआत हो सकती है। सबसे संवेदनशील मसला कांग्रेस और आप का है, जिनमें साथ आने को लेकर भी दूसरी और तीसरी पांत के नेतृत्व में तीखा विरोध है। ऐसे में यह सवाल भी बना हुआ है कि दिल्ली सेवा बिल के राज्यसभा से पारित हो जाने और फिर अविश्वास प्रस्ताव के निपट जाने के बाद भी क्या आप कांग्रेस की अगुआई वाले गठबंधन में बनी रहेगी? इसी प्रकार एनसीपी का एक धड़ा अलग होने के बाद से उसे लेकर जो धुंध बनी थी, शरद पवार के प्रधानमंत्री के साथ मंच शेयर करने से वह भी कुछ गहरी हुई है। मगर ध्यान रहे, राहुल गांधी की सदस्यता बहाली को सिर्फ नेगेटिव रूप में नहीं लिया जा सकता। इससे मिली बढ़त विपक्षी खेमे की एकता की डोर को और मजबूती भी दे सकती है। सब इस पर निर्भर करता है कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व यहां से आगे बढ़ते हुए कितनी सावधानी और कितनी कुशलता बरत पाता है।

9 अगस्त का दिन पूरी दुनिया के सभी आदिवासी समाज के लोगों के अपनी भाषा-संस्कृति एवं स्वशासन-परंपरा के संरक्षण और विकास के साथ-साथ जल-जंगल-जमीन एवं खनिज के पारंपरिक अधिकार के लिए संकल्पबद्ध होने का दिवस है। वहीं तथाकथित मुख्य धारा के लोगों विशेषकर सरकारों और तमाम तंत्रों से सवाल पूछने का दिन है कि क्या वास्तव में यूएनओ के निर्देशानुसार आदिवासियों के साथ हैं या नहीं? क्योंकि तथ्य बताते हैं कि भारत यूएनओ का प्रमुख सदस्य होने के बावजूद भारत की सभी सरकारों ने आदिवासियों के अपने अधिकारों के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के तमाम दावा-दलीलों के बावजूद लोकतांत्रिक शासन में आज भी आदिवासियों की हालत क्या हैं?

# विश्व आदिवासी दिवस एवं वर्तमान में इसके मायने



**अगुस्टीना सोरेंग**



आदिवासी आबादी के मूलभूत अधिकारों की सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाया जाता है। 9 अगस्त 1994 को यूएनओ के जेनेवा महासभा में सर्वसम्मति से इसे पूरी दुनिया के देशों में लागू करने का फैसला लिया गया था, इसके बाद ही से प्रत्येक 9 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ द वर्ल्ड इंडिजिनस पीपुल) मनाया जाने लगा।

9 अगस्त का दिन पूरी दुनिया के सभी आदिवासी समाज के लोगों के अपनी भाषा-संस्कृति एवं स्वशासन-परंपरा के संरक्षण और विकास के साथ-साथ जल-जंगल-जमीन एवं खनिज के पारंपरिक अधिकार के लिए संकल्पबद्ध होने का दिवस है। वहीं तथाकथित मुख्य धारा के लोगों विशेषकर सरकारों और तमाम तंत्रों से सवाल पूछने का दिन है कि क्या वास्तव में यूएनओ के निर्देशानुसार आदिवासियों के साथ हैं या नहीं? क्योंकि तथ्य बताते हैं कि भारत यूएनओ का प्रमुख सदस्य होने के बावजूद भारत की सभी सरकारों ने आदिवासियों के अपने अधिकारों के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के तमाम दावा-दलीलों के बावजूद लोकतांत्रिक शासन में आज भी आदिवासियों की हालत क्या हैं? हम देख रहें हैं क्या हो रहा है। आरक्षण से कुछ हालात बदले लेकिन तथाकथित सभ्य समाज और शासन-प्रशासन में हमारे प्रति हिकारत का भाव यथावत कायम है।

**ताजा रिपोर्ट के मुताबिक देश का तकरीबन 50 % फीसद आदिवासी वर्ग गरीब है।**

मणिपुर में आदिवासियों के ऊपर जातीय हिंसा, मध्यप्रदेश में आदिवासी के ऊपर पेशाब करना, राजस्थान, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के भीतर आदिवासियों के ऊपर हो रहे अमानवीय अत्याचार सरकारों के आदिवासी हितैषी होने के तमाम चोंचलों का असली चेहरा उजागर करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने आदिवासियों के अधिकार के लिए घोषणा पत्र को 13 सितम्बर 2007 को अंगीकार किया था में स्पष्ट रुप से कहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुरूप आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार के साथ आत्मनिर्णय और स्वशासन का अधिकार मिलना चाहिए। घोषणा पत्र के शुरुआत में ही कहा गया है कि आदिवासी समुदाय को अन्य समुदाय की भांति ही बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। आदिवासी समाज में विविधता है और वे एक विशिष्ट संस्कृति और जीवन शैली, भाषा एवं परपरा को मनाने वाला समाज है। इस विविधता का सम्मान होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ विभिन्न राष्ट्रों से अपील भी करती है कि वो अपने संबंधित राष्ट्र में आदिवासी अधिकारों के प्रति संवेदनशील हों और आदिवासी समुदाय के प्रति उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें। तो हम जब आदिवासियों के प्रति तमाम सरकारों के उत्तरदायित्वों और जवाबदेही की समीक्षा करते हैं, तो पाते हैं कि स्थिति गैर जिम्मेदाराना और आदिवासियों के प्रति गैर बराबरी तथा उनके संसाधनों की लूट खसोट को बढ़ावा देने का षड्यंत्र हर स्तर पर चल रहा है। राष्ट्र निर्माण के नाम पर आदिवासी समुदायों को हाशिए पर रखा जाता है। आज जब वे अपने अस्तित्व और अस्मिता पर मंडराते संकटों का सवाल उठाते हैं तो ₹विकास-विरोधी कह कर लांक्षित-प्रताड़ित किएं जाते हैं। दुखद यह भी है कि आदिवासियों के आसपास जीने-रहनेवाले उन्हीं के संसाधनों पर आधारित व्यापक समाज के लोग आदिवासियों के जमीन और संसाधनों पर गैर-कानूनन तरीके से कब्जा और छीनने में शामिल हो रही है जिसमें शासन-प्रशासन में बैठे काले हृदय के सफेदपोश चोरों द्वारा कानूनों एवं प्रावधानों में छेद कर बदस्तूर जमीन लूट का खेल जारी है, जो अब झारखंड में खुलासे और जांच होने से पता लग पाया है किंतु वैसे आदिवासी प्रखंड और गांव जहां अभी भी कानूनों की जानकारी नहीं है। लगातार शासन में बैठे लोगों की मिलीभगत से आदिवासियों को हर तरीके से ठगा और सताया जा रहा है। भारत में लगभग 705 आदिवासी जातियां हैं। भारत की जनसंख्या का 8.6% यानि 10 करोड़ आबादी आदिवासियों का है। आदिवासियों की देशज ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध है। इनकी समृद्धि ही शोषण का कई बार कारण भी बनती है। कई बार ऐसा हुआ कि बड़े औद्योगिक घराने के लोग आदिवासियों के देशज ज्ञान को प्राप्त करने के लिए उनके साथ छल करते हैं। इसके ढेर सारे उदाहरण मिल जाते हैं। वर्जिनियस झा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन 2013 में किया गया था। इस कमिटी के द्वारा जनजाति में मूल इस शोध पत्र में यह बताया गया है कि कैसे विस्थापन के बाद आदिवासी जातियां अपने मूल व्यवसाय को छोड़ अन्य कार्यों में लग जाती हैं, जिस कारण से एक समय के पश्चात में आदिवासी समुदाय धीरे-धीरे अपने वास्तविक एवं एकाधिकार ज्ञान को भूलने लगती हैं।

प्रो खुदीराम टोप्पो अपने लेख में बताया है कि भारत देश के संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 20% भाग आदिवासी प्रदेश हैं, जहां अनुमानतः राष्ट्रीय संसाधन का 70% खनिज,वन, वन्य प्राणी, जल संसाधन एवं सस्ता मानव संसाधन विद्यमान है। किंतु देश की सरकारों की आदिवासियों के संरक्षण और संवर्द्धन की गंभीरता का पता संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से पड़ता है कि देश में गरीबी की चपेट में हर दूसरा व्यक्ति आदिवासी है। यह रिपोर्ट 2006 से 2016 के बीच के सालों की तुलना से निकाली गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक देश का तकरीबन 50 % फीसद आदिवासी वर्ग गरीब है। इस तरह सतत विकास लक्ष्य से कितना पीछे है आदिवासी समाज। यही नहीं बिहार और झारखंड इस मामले में सबसे ज्यादा गरीब राज्य की सूची में आते हैं। झारखंड प्रदेश की आदिवासी महिलाएं और बच्चियां लगातार मानव तस्करी का शिकार हो रही हैं । झारखंड प्रदेश में मानव तस्करी क शिकार 90% बच्चियां आदिवासी हैं। मानव तस्करी से प्रभावित जिले - साहिबगंज, पाकुड़, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, लातेहार, सिमडेगा एवं गुमला हैं, जहां सै सर्वाधिक बच्चियां मानव तस्करी का शिकार हो रही हैं। सवाल यह है कि क्योंकर सरकारें इस पर लगाम लगा पाने में नाकाम हैं? उसी तरह से महिलाओं के साथ डायन कुप्रथा की घटनाएं तथा दुष्कर्म की घटनाओं पर रोक तथा न्याय दिलाने के मामलों में हम देखते हैं कि शासन व्यवस्था कितना गंभीर और ईमानदार एवं सहयोगी प्रवृति आदिवासियों विशेषकर महिलाओं के साथ रखता है। विगत वर्षों में कई ऐसे अनुसंधान हुए, जिसके माध्यम से यह बात सामने आयी है कि आदिवासी विकास में संस्थानों या सरकारी व्यवस्था द्वारा विकास को आदिवासी क्षेत्रों में अपने हिसाब से लागू किया जा रहा है? समाज के पूर्व व्यवस्थाओं को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है, जिससे योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वित नहीं हो पा रहा है। और यह सच ही है आदिवासियों का स्वभाव और लक्षण है कि- वे समाज के एक बड़े भाग से संपर्क में संकोच करते हैं तथा भौगोलिक पृथक्कर के कारण पिछड़ापन है, पर क्या समावेशी विकास के तहत सरकारें, शासन - प्रशासन योजनाएं बनाते समय या फिर क्रियान्वयन के समय इस बात का ख्याल रख पाती है कि जिन आदिवासियों के लिए काम कर रही हैं वे अपने उन्हीं मूल स्वभाव के साथ पिछड़े हुए तथा स्वभाव से संपर्क करने में संकोची हैं दूसरी बात की अपनी विशिष्ट भाषा बोलने के कारण हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं को बहुत कम आज भी आत्मसात कर पायें हैं। ऐसे में जब गांवों से आदिवासी किसी काम से जिला कार्यालय या प्रखंड में, थानों में आते हैं तो तथाकथित शिक्षित सभ्य समाज उन्हें गंवार तथा पिछड़े होने पर क्या करता है सो? हालिया केरसई थाना के अन्तर्गत आदिवासी महिला पर थानेदार द्वारा थप्पड़ जड़ना तथाकथित सभ्य वर्ग के द्वारा आदिवासियों के प्रति सोच को परिभाषित करता है। यही नहीं मणिपुर में आदिवासियों के साथ हिंसा विशेषकर आदिवासी महिलाओं के साथ सभ्य कहलाने वाले समाज तथा सरकारों के लापरवाही से जो हुआ वो यह बताने के लिए काफी है कि देश में आदिवासियों को क्या समझा जाता है वरना तमाम कानून तथा प्रावधानों के होते हुए इस तरह केवल आदिवासियों पर अमानवीय अत्याचार तथा नरसंहार बीसवीं सदी के सभ्य भारत में तो कतई होने नहीं थे? मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस का थीम "Indigenous Youth as Agents of Change for Self- Determination" है तो जरुर आदिवासी समुदाय के युवाओं को परिवर्तन के एजेंडे में अधिक अधिक जोड़ें और प्रशिक्षणों में तथा स्थानीय पहलों में शामिल कर समाज के हितों पर आधारित ठोस काम करें तथा आदिवासियों के मूल स्वभाव तथा व्यवहार को समझते हुए सभी सरकारी लाभ तथा न्याय दिलाने के लिए सरकारी तंत्रों तथा व्यवस्थाओं को आदिवासियों के प्रति संवेदनशील बनाने पर ध्यान दिया जा., जिसके बगैर बदलाव लाने में बड़ा अंतराल हमेशा होता आया है। क्योंकि न्याय और समानता जैसे मूलभूत संवैधानिक अधिकारों से आज भी आदिवासी समाज महरुम है।

**(लेखक : सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### उपायुक्त ने जनता दरबार में लोगों से की मुलाकात शिकायतों के समाधान का दिया आश्वासन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त समाहरणालय में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंगलवार को डीसी रविशंकर शुक्ला ने जनता दरवार में उपायुक्त जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों लोगो का समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर भूमि संबंधित मामले, पेंशन, अंचल कार्यालय चांडिल से संबंधित मामले, पारिवारिक पेंशन, छऊ कला केंद्र खरसावां को पुनः प्रारंभ करने की मांग सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त किया गया। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करते हुए कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिए।

### वेतन नहीं मिलने पर 108 एंबुलेंस के चालकों ने पूर्व सीएम से की मुलाकात, हस्तेक्षप पर मिला एक महीने का वेतन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में 108 एंबुलेंस के सभी चालक बीते पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।दर्जनों एम्बुलेंस चालक व टेक्नीशियन के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो गयी है। मंगलवार को एम्बुलेंस चालक व टेक्नीशियन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास से मुलाकात कर समस्याओं को रखा। उन्होंने का पत्र सौंपकर इस मामले में हस्तक्षेप कर मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया बीते 5 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। कोविड काल के दौरान जो वेतन दिया जाना था वह भी नहीं मिला। वेतन का भुगतान नहीं होने से उनके समक्ष कई आर्थिक चुनौती आ गई है। 24 घंटे बिना किसी भेदभाव के सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन वेतन ना मिलने के कारण उनके सामने तंगी उत्पन्न हो गयी।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनकर राज्य के स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव से तत्काल निर्णय करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य सचिव ने 3 करोड़ की राशि शीघ्र जारी करने की बात कही। वार्ता के आधे घंटे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी चालकों को एक माह का वेतन भुगतान कर दिया गया। विभाग की ओर से लंबित वेतन भी शीघ्र भुगतान का भरोसा दिया गया। वेतन मिलने पर 108 एंबुलेंस के चालक व टेक्नीशियन काफी खुश दिखाई दिए। उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रति आभार जताया।

### शहादत दिवस पर आजसू का 'निर्मल डहर संकल्प यात्रा' में हजारों युवा हुए शामिल

# निर्मल दा का सपना होगा साकार, संघर्ष को नये सिरे से देना होगा धार : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** स्वर्गीय निर्मल महतो के शहादत दिवस पर आजसू पार्टी के द्वारा निर्मल डहर संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को साकची बोधि मैदान से निकली यात्रा कदमा उलियांन निर्मल महतो समाधि स्थल पहुची। यात्रा में राज्य के अलग- अलग जगहों से पहुंचे पार्टी के नेता व हजारों युवा कार्यकर्ता शामिल रहे। सुदेश महतो की अगुवाई में सभी ने निर्मल महतो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू प्रमुख ने कहा निर्मल दा के साहस, मूल्य, आदर्श व विचार हमारे अंतर्मन में हमेशा के लिए बसे रहेगी। आजसू का गठन निर्मल दा की दरदृष्टि व सोच का ही परिणाम था। दरअसल वे जानते थे झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक कौन पहुंचा सकता है। वीर निर्मल दा ने भाषा, संस्कृति, विचार, अस्मिता की रक्षा के साथ शोषणविहीन अलग प्रदेश की कल्पना की थी। अलग राज्य बना लेकिन शहीद के सपनों का झारखंड आज भी अधूरा है। मौजूदा पीढ़ी व खासकर युवाओं का दायित्व है शहीद के अरमानों व राज्य गठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष पथ पर चलते हुए इसे अंजाम तक पहुंचाएं। सुदेश कुमार महतो ने कहा निर्मल दा की शहादत जिन परिस्थितियों और अवस्था में हुई, उसमें दशकों बाद भी उनके चाहने। आदर्श मानने वालों का दिल कचोटता है और जानना चाहता है किन राजनीतिक षड़यंत्र के तहत उनकी हत्या की कई। इस कांड के सूत्रधार का पटाक्षेप होना चाहिए। शहादत दिवस पर हम सभी संकल्प लें सूत्रधार का पटाक्षेप भी होगा। उन्होंने कहा हम सिर्फ किसी खास तारीख पर निर्मल दा को याद नहीं करते। वे हमारे लिए प्रेरणापुंज हैं। शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि देने कई नामचीन लोग यहां आएंगे। जो पार्टी पांच बार सत्ता शीर्ष पर रही, उसने निर्मल दा को शहीद का दर्जा तक नहीं दिया। हम इसके लिए भी प्रतिबद्ध हैं। निर्मल दा की शहादत को इतिहास के पन्नों में दर्ज कराकर रहेंगे।

### दुर्गा सेना के सन्नी सिंह सैकड़ों समर्थकों संग पार्टी की ली सदस्यता

युवा क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा के प्रत्यासी आनंद पत्रलेख अपने समर्थको संग पार्टी की सदस्यता ली। सभी को सुदेश कुमार महतो ने माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद सहिस, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, हरेलाल महतो, कन्हैया सिंह, प्रो रविशंकर मौर्या, गौतम सिंह, रामलाल मुंडा, सचिन महतो, कन्हैया सिंह, सोमू भौमिक, कमलेश दुबे, अप्पू तिवारी, बुद्धेश्वर मुर्मू, मुन्ना सिंह, फनीभूषण महतो, चंद्रगुप्त सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, संजय मालाकार, प्रकाश विश्वकर्मा, नंदू पटेल, अजय सिंह बब्बू, संतोष सिंह, हेमंत पाठक, सैलेश सिन्हा, देवाशिस चौधरी, निरंजन महतो, माणिक महतो, कुंदन सिंह, दीपक पाण्डेय, चंद्रेश्वर पांडेय, चंदन सिंह, उमा शंकर सिंह, राहुल प्रसाद, अरूप मल्लिक, मो तनवीर, प्रवीन प्रसाद, स्वरूप मल्लिक, ललित सिंह, सरस्वती देवी, मंजू राज, संहिता कुमारी, संगीता कुमारी, देवयानी दास, कंचन देवी सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शहीद निर्मल महतो को सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के अवसर पर चमरिया गेस्ट हाउस व उलियान स्थित शहीद स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर सांसद महतो ने कहा निर्मल दा ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। झारखंड के आंदोलन को जन-जन का आंदोलन बनाने का काम किया। सांसद महतो ने कहा आज के दिन हमें संकल्प लेना है जिस शोषण मुक्त और समरसता युक्त झारखंड के निर्माण का सपना उन्होंने देखा था उसके लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सांसद महतो ने कहा निर्मल महतो झारखंड को भारत देश में ऐसा प्रदेश बनाना चाहते थे जहाँ एक मानव दूसरे मानव का शोषण नहीं करे। आज भी झारखंड में गरीबी और बेरोजगारी चरम पर है। झारखंड राज्य को एक सही दिशा देने की जरूरत है। मौके पर नीरज सिंह, दीपू सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रशांत पोद्दार, बिनोद राय, चंचल चक्रवर्ती, नागेंद्र पांडेय, ललन यादव, अभय चौबे दीपक तिवारी, आनंद कुमार, कृष्णा यादव, विराज, सुशील पांडे दीपू शर्मा , संजय रजक, मारुति पांडे, राहुल तिवारी, दीपक नाग, अशोक मिश्रा, आजाद समद, विनय कंचन, गोपाल जायसवाल, शंकर राय, राजू, बलबीर यादव, सौरभ जायसवाल, मिक्की सोनकर शामिल रहे।

### डाक प्रमंडल के पदाधिकारियों ने सरयू राय से की मुलाकात, सहयोग करने का दिया आश्वासन



**जमशेदपुर।** सिंहभूम डाक प्रमंडल के पदाधिकारियों व कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल बिष्टुपुर स्थित विधायक सरयू राय के कार्यालय पहुचे। मंगलवार को उन्होंने विधायक सरयू राय से मुलाकात कर आगामी 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा झंडा फहराने का अभियान की जानकारी दी। मौके पर उन्होंने बताया जो कोई भी झंडा खरीदना चाहतें हैं वे किसी भी पोस्ट आफिस में संपर्क कर 25 रु. प्रति झंडा की दर से झंडा खरीद सकते हैं। कोई व्यक्ति यदि थोक में तिरंगा झंडा खरीदने को इच्छुक हैं तो वे बिष्टुपुर पोस्ट आफिस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सिंहभूम डाक प्रमंडल जमशेदपुर के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने राय से आग्रह करते हुए कहा अभियान को भव्य बनाने के लिए आग्रह किया। ताकि विधानसभा क्षेत्र में झंडा लगवाने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया जा सके।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in




# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सघन अभियान कल से : सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** आज दिनांक 08.08.2023 को फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम IDA-MDA 2023 के सफल क्रियान्वयन के लिए डॉ अशोक कुमार सिविल सर्जन लातेहार के अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन लातेहार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के जन समुदाय (01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) को डीईसी, एलबेंडाजॉल और आइभरमेक्टिन की एक खुराक दिनांक 10.08.2023 से 25.08.2023 तक खिलायी जायेगी।

फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1093 बूथ बनाया गया है। अभियान के प्रथम दिवस 10.08.2023 को बूथ पर लोगों को फाईलेरियारोधी दवा खिलायी जायेगी और उसके बाद छूटे हुए लोगों को दिनांक 11.08.2023 से 25.08 2023 तक घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जायेगा। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में दवा का वितरण नहीं करना है। स्वास्थ्य कर्मियों को लोगों को अपने सामने ही दवा का सेवन कराना है।

उक्त कार्यशाला में जिला मलेरिया पदाधिकारी, लातेहार डॉ शम्भुनाथ चौधरी, जिला भीबीडी सलाहकार सुनील कुमार सिंह, WHO के राज्य प्रतिनिधि डॉ मनोज कुमार पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्री संजय गुप्ता, जिला भीबीडी स्पेशलिस्ट नीरज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# अवैध कनेक्शन धारियों पर बिजली विभाग का छापा, पांच लोगों पर लगा जुर्माना

**एसडीओ मोहम्मद जिशान के नेतृत्व में चलाया गया छापामारी अभियान, अवैध कनेक्शन धारकों में मचा हड़कंप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से विद्युत उर्जा चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान विद्युत सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान के नेतृत्व में किस्को थाना के बगल पर गोसाई टोली में चलाया गया। जहां पर अवैध बिजली कनेक्शन धारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माना वसूली और फाइन लगाया गया। इस दौरान अवैध रूप से कनेक्शन खींचकर विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप मचा गया। किस्को गोसाई टोली में अवैध रूप से बिजली चोरी मामले में कुल पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया गया। जिसमें गोविंद लोहरा, मुन्ना लोहरा, छोटू महली, धनी उरांव और दुर्गा महली शामिल हैं। एसडीओ ने बताया कि इन पांचों के पास पूर्व से बिजली बिल बकाया है। उन्होंने बताया कि गोविंद लोहरा का 25 हजार 211 रुपए, मुन्ना लोहरा का 10 हजार 379 रुपये, छोटू महली का 22 हजार 483 रुपए धनी उरांव का 14 हजार 09 रुपये और दुर्गा महली का 21 हजार 151 रूपया बिजली बिल बकाया है बावजूद चोरी कर कनेक्शन लिये हुए हैं, जिनके विरूद्ध छापामारी अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया। एसडीओ मोहम्मद जीशान ने कहा कि अवैध रूप से विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर एसडीओ मोहम्मद जीशान के अलावा किस्को थाना के एएसआई मोलेन मुर्मू, सुपरवाइजर जौहर अंसारी, बेलाल, हुसैन, शाहनवाज, नवल भगत, मंसुर अंसारी, सुनील छत्री, दिनेश उरांव और किस्को थाना के पुलिस बल शामिल थे।

# जनता दरबार में बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाहरी कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को एक-एक करके सुनने का काम किया गया। जनता दरबार के दौरान जहां मुख्य रूप से पेंशन से जुड़े लगभग आधे दर्जन से अधिक मामले आये जिसमें लंबे समय से पेंशन बंद रहने के साथ-साथ नई पेंशन के लेकर भी आवेदन प्राप्त हुए। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौके पर ही नये पेंशन की स्वीकृति प्रदान करने का काम किया।जनता दरबार के दौरान प्रखंड क्षेत्र के भूमि विवाद, राशन और आवास जैसे जुड़े कई मामलों की शिकायतें प्राप्त हुई जिसका बीडीओ ने त्वरित निदान का आश्वासन दिया।

# शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप आजसू कार्यालय चंदनडीह (स्कूल के समीप) मंगलवार को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के द्वारा किया गया। मौके पे जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम द्वारा निर्मल महतो जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए चलाये गये आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी`निर्मल महतो ने शोषण के विरुद्ध और गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठाई और जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने का काम किया। उन्होंने आजसू के नेताओं को आंदोलन की बारीकियों से अवगत कराया। झारखंड में इंटर फेल विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ धनबाद बंद का मिला जुला असर जगह-जगह प्रदर्शन किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन ने इस कदर रफ्तार पकड़ ली कि तत्काल प्रधानमंत्री राजीव गांधी और तत्कालीन भारत के गृह मंत्री बूटा सिंह को दिल्ली में कई बार आजसू से वार्ता करनी पड़ी। आखिरकार झारखंड स्वयं स्वायत्तशासी परिषद फिर झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ लेकिन यह देखने के लिए निर्मल महतो जीवित नहीं रहे और 8 अगस्त 1987 को निर्मल महतो की हत्या कर दी गयी। आज भी झारखंड के सभी युवा उनके नक्शे कदम पर चलने की प्रेरणा लेते हुए आजसू पार्टी में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पे मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता नितेश पांडेय उपाध्यक्ष बिट्टू दास कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी राकेश सिंह प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सोनू, राहुल, श्याम प्रसाद सुधीर, अमित, सचिन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला-पुरुष में समानता के लिए जागरूकता जरूरी: अमृता ठाकुर

## कार्यशाला के पहले दिन महिला-पुरुष में कार्यों की भिन्नता पर परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को मुख्य चौक पर स्थित महिला सभा भवन में जागोरी संस्थान दिल्ली और सर्वो संस्थान किस्को के संयुक्त तत्वावधान में महिला और पुरुषों में समानता लाने को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित सभी महिला पुरूष के साथ परिचर्चा कार्यक्रम के तहत महिला पुरुष में भिन्नता क्यों पर जानकारी साझा करते हुए जागरूक करने का कार्य किया गया। मौके पर जागोरी संस्थान दिल्ली की प्रोग्राम आफिसर अमृता ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिला और पुरुषों में समानता लाने को लेकर अनेको प्रकार की जागरूकता कार्यक्रम चला रखी है। ताकि महिला और पुरुष में बराबरी का रिश्ता बना रहे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह है कि महिलाओं के प्रति जो गलत सोच लोगों में बना हुआ है उसमें बदलाव लाना और महिला पुरूष के बीच बराबरी का समानता लाना। वहीं कार्यशाला में शामिल लोगों को जागरूक करते हुए सर्वो संस्थान की सुखमनी लकड़ा ने कहा कि आज के इस बदलते युग में भी लोग अंधविश्वास के चक्कर में जीवन व्यतीत कर रहे हैं यही वजह है कि लोग महिलाओं के साथ समानता लाने के बदले गलत अवधारणा पाल रखे हैं। सुखमनी लकड़ा ने कहा कि पंचायत स्तर में महिला पुरूष का सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में बराबरी लाना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। इधर दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन शरीक हुए सतीश कुमार ने महिला पुरुष में समानता को लेकर परिचर्चा के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि आज हम पुरुषों से महिलाएं पंचायत क्षेत्र के विकास में बेहतर कार्य कर दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिला और पुरुषों में बराबरी लाने हेतु अंधविश्वास को दूर करते हुए गांव टोला मुहल्ला के विकास में बराबर की भूमिका निभाने की जरूरत है तब जाकर महिला पुरूष में समानता आयेगी। मौके पर दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन मुख्य रूप से जागोरी संस्थान दिल्ली की प्रोग्राम आफिसर अमृता ठाकुर, कंसलटेंट मधुरमा सिंह , रिसोर्स पर्शन सतीश कुमार, कैलाश भट्ट, सर्वो संस्थान की सुखमनी लकड़ा, खरकी मुखिया चांदमनी उरांव, नवाडीह पंचायत की भूतपूर्व मुखिया मंगरी असुर, अनु, उषा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नगर भवन में विश्व आदिवासी दिवस पर आज होगा भव्य कार्यक्रम, मंत्री होंगे शामिल



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस पर पुराना शुक्र बाजार स्थित नगर भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होगें। मौके पर जिला के विभिन्न गांव से आदिवासी महिला पुरुष अपने-अपने खोड़हा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कुणाल अभिषेक, शुभम सहदेव, कादीर हुसैन समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन में कर्मी लगनशील बनें: बुड़ायं सारू



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ बुड़ायं सारू की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मूखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ बुड़ायं सारू ने कहा कि जो भी कर्मी कार्य के प्रति लापरवाही बरतेंगे वैसे कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर बीपीओ सुदर्शन लकड़ा, पेशरार बीपीओ तौसिफ इस्लाम सहायक अभियंता भुवनेश्वर सिंह, कनीय अभियंता राजेंदर उरांव, सांता कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## वॉलीबॉल विजेता खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वंदना सभा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता भैया की टीम और संरक्षक आचार्य को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है। विजेता टीम में सुजल बाखला, चरणजीत उरांव, पुनीत उरांव, रेहान फजल, रोशन कुमार रवि, हरीश, निशित, जितेश, प्रियांशु, निखिल, अजीत और संरक्षक आचार्य रितेश कुमार पाठक उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश को-ऑर्डिनेटर बनाये गये अल्ताफ अंसारी



कैरो(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने अल्ताफ अंसारी ग्राम कैरो को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश कॉर्डिनेटर बनाया गया। जिले के कैरो निवासी स्व खलील अंसारी पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के पुत्र हैं। अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नये युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा और पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक बनाये जाने पर राज्य सभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू ,मंत्री सह विधायक श्री रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक श्री सुखदेव भगत, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, यूथ राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिदार्थ, झारखंड युवा कांग्रेस सोशल मीडिया चेयरमैन संजय कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी विवेक चौबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती रागनी नायक इत्यादि ने बधाइयां दी है।

## परियोजना विद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली, लोगों को किया जागरूक



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय मे फाइलेरिया उनमुल्लन जागरूकता रैली परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ निकाला गया। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक स्लोगन और नारा लगाते हुए विद्यालय परिसर से मुरपा मोड़ चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय से होकर आदर्शनगर तक भ्रमण किया। रैली में कई गगन भेदी नारे लगाये गये। छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर शिक्षक निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, विद्यालय प्रभारी श्रीमती चंचल सिंह, रेखा कुमारी और दिलीप शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के आदेशानुसार 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय परिसर से विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के नेतृत्व में निकाल के जागरूकता फलेरिया उन्मूलन जागरूकता रैली में विद्यालय के बच्चों द्वारा अपने हाथों में नारे लिखे तख्तियां लिए हुए थे।जिसमे उठाना है। फाइलेरिया मुक्त झारखंड बनाना है। जन जन का एक ही नारा फाइलेरिया भगाओ, फाइलेरिया को भगाना है। फलेरिया को भगाना है। फाइलेरिया मुक्त बनाना है।

## जरूरतमंद लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। वंदे मातरम निष्काम कर्म योग की साधना द्वारा प्रखंड लात पंचायत ग्राम बरखेता उरांव टोला में नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को साड़ी धोती वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार द्वारा गांव के खरवार टोला में 100 से अधिक जरूरतमंद वृद्ध और असहाय लोगों के बीच धोती साड़ी वस्त्र आदि सामानों का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति कोग्राम पोल पोल निवासी सुरेश प्रसाद गुप्ता वस्त्रालय द्वारा वस्त्र उपलब्ध कराया गया था। मौके पर सुरेंद्र भुइंया, बरखेता के दिनेश उरांव, मनदीप उरांव, सोनू उरांव ,नागेंद्र उरांव, मंटू उरांव, सोसंत उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड के लिए खिलाड़ियों का चयन



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। खेलो झारखंड के तहत खिलाड़ियों के बीच विद्यालय स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में खेलो झारखंड के तहत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बालक बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग और 19 वर्ष आयु वर्ग का दो ग्रुप बनाकर फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, शतरंज के अलावे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, 3000 मीटर तथा भाला फेंक, गोला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर भाग लेने के लिये चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वही प्रधानाध्यापिका सीमा नैंसी लकड़ा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र छात्रायें खेलो झारखंड के तहत अपनी रुचि अनुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर प्रीति कुमारी साहु, दीपा चौधरी, नशिमा बानो, बेंजामिन मिंज, प्रतिमा रेशमा कुजूर, सुरेश, ममता, कंचन सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम : एसडीओ



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया जायेगा। जिसके उपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा। इसके बाद पाईका नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके बाद लोहरदगा जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी जायेगी। अंत में छउ नृत्य की प्रस्तुति होगी। बैठक में अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, समेत संबंधित विद्यालयों के प्राधानाध्यापक/प्रतिनिधि और कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## तीन वर्षीय बच्चे ने टॉफी समझकर खाये शुगर के चार टैबलेट, रिम्स रेफर



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय निवासी मोहम्मद तौफीक के तीन वर्षीय पुत्र मोहम्मद हसनैन ने टॉफी समझकर शुगर की 4 गोलियां खा ली। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गयी। परिजनों द्वारा आनन फानन में बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने मोहम्मद हसनैन को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इस संबंध में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चें कि स्थिति खतरे से बाहर है। लेकिन शुगर की गोलियां खाने से उसके शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। इस कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

## इमली पेड़ गिरने से दो कच्चे मकान ध्वस्त



महुआडांड(आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम शाहपुर में मंगलवार को बड़ा हादसा गुजरा, जहां गांव स्थित एक विशाल इमली का पेड़ घर पर गिर गया, जिससे दो कच्चे मकान ध्वस्त हो गये। घर पर लोग मौजूद थे, ध्वस्त मकान मेरिस्तेला एक्का, पति स्व मारकुश कुजूर का, वही दूसरा कालिमा बीबी, पति जहादत अंसारी का है। तब घर में मौजूद लोग बाल-बाल बचें। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि ईमली का पेड़ बहुत पुराना था, सप्ताह भर पहले भारी बारिश होने के बाद पेड़ जड़ सहित उखड़ कर घर पर गिर गया। दोनो परिवार गरीब है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग द्वारा पीड़ित परिवार के घर का दौरा किया गया। बीडीओ श्री डांग द्वारा पीड़ित को प्रावधान अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया।

## स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण को लेकर कैरो प्रखंड के विभिन्न संस्थानो में समय सारिणी तय




कैरो (लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड के सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानो मे ध्वजारोहण को लेकर समय सारिणी तय कर दी गयी है। इस संबंध मे पत्र के माध्यम से कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बताया कि कैरो प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे 09:00 बजे पूर्वाह्न, थाना परिसर मे 09:15 बजे पूर्वाह्न,डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो में 09:30 बजे पूर्वाह्न स्वतंत्रता दिवस की ध्वजारोहण की जायेगी। वही कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र ,पंचायत भवन कैरो,राजकीय मध्य विद्यालय कैरो, मध्य विद्यालय सढावे में पूर्वाह्न 08:30 बजे ध्वजारोहण की जायेगी।

## किस्को शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। किस्को थाना पुलिस की अगुवाई में आयोजित भजन कृतन कार्यक्रम में कृतन मंडली के रूप में अरविंद कुमार दूबे, देवेंद्र साहु, शंभु पंडा, राजकुमार मुंडा, पूरन प्रजापति, छेदू साहु शामिल थे। इस दौरान पंडित द्वारा विधिवत पूजा कराते हुए हनुमान चालीसा के पाठ के साथ रात्रि में भजन कीर्तन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया। इधर हरिकृतन कार्यक्रम में मुख्य रूप से किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह, अजय कुमार, बिपुल पंडा, उमाकांत, रामचंद्र आदि मौजूद थे।

## मकई की फसल में कीड़ा लगने से किसान चिंतित



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के हेसवे सहित विभिन्न पंचायत ग्राम में बड़े पैमाने पर मकई की खेती होता है। जिससे फसल देख किसानों में खुशी तो थी। वही मकई की खेती में कीड़े लग जाने के कारण किसान लोग फसल को लेकर काफी चिंतित हैं। बताया जाता है कि पौधे को पता के माध्यम से ऊर्जा मिलता है। लेकिन कीड़ा लगने के कारण पता पीला हो रहा है। और पौधा सूख रहा है। किसान रूस्तम अंसारी और संजय उरांव ने बताया गया कि मौसम में बादल होने और धूप नही आने के कारण कीड़ा लग गया है। और कहा की खराब मौसम में दवा का छिड़काव किया जाता है। परंतु पानी नही आने पर दवा देने का फायदा होगा। वही वर्षा होने से दवा बर्बाद हो जायेगा। इस संदर्भ में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत के द्वारा बताया गया कि किसान इमामेक्टिन बेंजोएट और एग्री 82 टू दवा का छिड़काव करें जिससे फसल को नुकसान होने से बचाया जा सकता है साथ ही उन्होंने कहा की धान की रोपाई प्रखंड क्षेत्र में 10 से 15 प्रतिशत ही हुआ है। और अधिकांश किसान वर्षा की समस्या के कारण परेशान रहे हैं।

**कार्यक्रम :** वन प्रमंडल पदाधिकारी और प्रदान के बीच वन संरक्षण से जुड़े कार्यों को लेकर हुआ एमओयू

# वन संरक्षण जैसे अहम कार्यों की प्लानिंग तैयार करेगी प्रदान संस्था

**इस अनुबंध में गुमला जिला के छह प्रखंड शामिल हैं, जिसमें 150 गांव में वन संरक्षण एवं समेकित संसाधन प्रबंधन पर कार्य किया जायेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** वनों की सुरक्षा जैसे अहम कार्य में अब प्रदान संस्था वन विभाग का सहयोग करेगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी-वन प्रमंडल गुमला ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला प्रशासन के साथ संबंध स्थापित किया, और इस दिशा में वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला-वन प्रमंडल और प्रदान संस्था के बीच एक द्विपक्षीय गैर-वित्तीय समझौता हुआ है। दोनों पक्षों के द्वारा इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन की अवधि एक वर्ष है। जो पहल की सफलता के आधार पर विस्तार के अधीन है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला-वन प्रमंडल अहमद बिलाल अनवर ने बताया कि 'सतत वन संसाधन संरक्षण और प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण जीवन में बदलाव' के नाम से जाना जाने वाला समझौता गुमला के छह प्रखंडो में कवर करता है। एमओयू के प्रमुख उद्देश्यों में हस्तक्षेप ब्लॉकों के संबंधित संस्थानों सहित स्थानीय शासन और वन समिति को मजबूत किया जाना है, ताकि वे वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन की दिशा में परिवर्तन के इंजन के रूप में परिवर्तित हो सकें। एफआरए का बेहतर कार्यान्वयन करना, जिसमें सीएफआर पर विशेष ध्यान देने के साथ दावा करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो। युवा भागीदारी सुनिश्चित करना जिससे मूल्य श्रृंखला संवर्धन और समुदाय प्रबंधित वन उपज और कृषि-आधारित व्यावसायिक संस्थानों आदि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। प्रदान के मेराज ने बताया कि इस अनुबंध में गुमला जिला के छह प्रखंड कामडारा, बसिया, गुमला, रायडीह, पालकोट, एवं घाघरा शामिल हैं, जिसमें 150 गांव में वन संरक्षण, सामुदायिक वन अधिकार, जंगल आधारित वन उपज एवं समेकित संसाधन प्रबंधन पर कार्य किया जायेगा। जिसमें 20 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

इस मौके पर प्रदान से मेराज, सुबरजीत, जितेंद्र आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विक्षिप्त युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अभियुक्त कसपोडया घाघरा निवासी वासुदेव साहू उर्फ गुजु साहू व कोटामाटी निवासी गुलाब उरांव को एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में धारा 376 के तहत 20-20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनायी गयी। वहीं दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त दो साल की कठोर कारावास की सजा भुगतनी पड़ सकती है। घटना के दिन विक्षिप्त युवती अपने परिजनों के साथ शादी समारोह में गई हुई थी। शादी समारोह खत्म होने पर पीड़िता अपने परिजनों से पहले अपने घर जाने के लिये निकल गयी। इधर परिजन कुछ देर के बाद अपने घर पहुंचे, तो वहां अपने बेटी को नहीं पाया। जिसके बाद काफी खोजबीन करने के पर पीड़िता का भाई पहान बगीचा पहुंचा, तो देखा कि उसकी बहन के साथ वासुदेव व गुजु गलत कार्य कर रहा है, जिसके बाद वहां से दोनों आरोपी भाग गये। जिसके बाद दोनों आरोपी के विरूद्ध पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज करवायी थी।

## बीएन जालान कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस मना

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा नागपुर कर कोरा नागपुरी गीत पर सांस्कृतिक नाच प्रस्तुत किया। मौके पर सिसई प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने कहा विश्व आदिवासी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य सह नागपुरी विभागाध्यक्ष साहु प्रकाश लाल ने विश्व आदिवासी दिवस पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए विस्तार से चर्चा की। मौके पर डॉ कृष्णा प्रसाद साहू, बंधु भगत, झूरी राम, डॉ रंजित कुल्लू, सुनिता कुमारी, बसंती इंद्रजीत राम, सुरेश साहू, गजराज महतो, सोनिया कुमारी, विनिता गुड़िया, कृति मिंज, लोयो उरांव, सचिदानंद उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केओ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई शुरू करने को लेकर छात्र युवा मोर्चा ने डीसी को सौंपा मांग-पत्र




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल का घटक छात्र युवा मोर्चा गुमला इकाई द्वारा कार्तिक उरांव महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई जल्द शुरू करने की मांग को लेकर गुमला उपायुक्त को मांग-पत्र सौंपा है । छात्र युवा मोर्चा के प्रभारी बादल सिंह व सह प्रभारी सिकंदर उरांव के हस्ताक्षर से दिए गए मांग-पत्र में छात्र नेताओं ने कहा है कि इंटर की पढ़ाई शुरू होने से हजारों छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि जिले में जितने भी प्लस टू कॉलेज हैं उन सभी कॉलेज में पर्याप्त शिक्षक की नियुक्ति होनी चाहिए । छात्र नेताओं ने उदाहरण स्वरूप बताया कि घाघरा एसएस स्कूल में प्लस टू की पढ़ाई शुरू की गई है लेकिन 11 शिक्षक के जगह मात्र 6 शिक्षक कार्यरत हैं। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों में भी खाली पदों को भरे जाने की मांग छात्र नेताओं ने की है । मांग-पत्र में यह भी कहा है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम का पालन नहीं करने वाले प्राइवेट स्कूलों पर जांचोपरांत कार्रवाई की गारंटी हो और अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब बच्चों का निःशुल्क नामांकन सुनिश्चित करने की भी मांग उपायुक्त से की गई है ।

## 5 अगस्त से लापता है शिवराजपुर की 14 वर्षीय किशोरी, परिजनों ने थाना में कराया सनहा दर्ज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना अंतर्गत शिवराजपुर निवासी 14 वर्षीय किशन लोहरा की 14 वर्षीय पुत्री वर्षा कुमारी 5 अगस्त से लापता हो गई है। मामले को लेकर परिजनों ने घाघरा थाना में सनहा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 5 अगस्त को घर में कोई नहीं था। सभी खेत में काम करने गए हुए थे। शाम को लौटने पर किशोरी को घर में नहीं पाया। अपने स्तर से परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। वहीं परिजनों ने मानव तस्कर द्वारा कहीं ले जाने अथवा किसी लड़के के साथ भाग जाने की आशंका व्यक्त की है। परिजनों ने बताया किशोरी प्राथमिक उच्च विद्यालय शिवराजपुर में सातवीं कक्षा की छात्रा है। वहीं परिजनों ने किशोरी की सूचना मिलने पर मोबाइल नंबर 620 1780537 पर संपर्क करने की लोगों से अपील की है।

## घाघरा में 90 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की सर्पदंश से मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में 90 वर्षीय वृद्ध पूसो थाना क्षेत्र के गढरवाली गंगुटोली निवासी देवड़ा उरांव की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। इस बाबत मृतक की पुत्री मकरो उराइन ने मंगलवार को घाघरा थाना पहुंच घटना की जानकारी दी। घटना के बाबत मृतक की पुत्री ने बताया कि उसके पिता दो महीने से गम्हरिया गांव में घर पर ही साथ रहते थे। सोमवार को सभी खाना खाकर सो गए थे कि 11 बजे रात को अचानक उनके कान में सांप ने डंस लिया। सुबह में घाघरा सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मिशन बदलाव ने ठगी के शिकार पीड़ितों को लेकर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की

**सैय्यदा खातून और ज्योति वर्मा के नेतृत्व में ठगी के शिकार लोग एसपी से मिलकर थाना पंहुचे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैय्यदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा आजाद बस्ती, अंबेडकर नगर खड़ियापाड़ा, हुसैन नगर मुहल्ले में ठगी के शिकार लोगों को लेकर एसपी से मिलने के बाद थाना पहुंची और ठगी करने वाले निकहत परवीन के खिलाफ थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि निकहत परवीन के द्वारा लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी की जा रही है। कई लोगों को वह अपना शिकार भी बना चुकी है। जिससे आम लोग पीड़ित है। सैयदा खातुन ने बताया कि इन सभी मामलों को लेकर पूर्व में भी थाना को अवगत कराया गया था लेकिन थाना ने मामलों को गंभीरता से नहीं लिया। उसके बाद सभी पीड़ितों को लेकर थाना पहुंची। पुलिस प्रसाशन ने आश्वस्त किया कि ठग को जेल भेज दिया जाएगा।

सैयदा खातून और ज्योति वर्मा ने लोगों से कहा कि कोई भी ठगी करे तो पुलिस के पास शिकायत जरूर करें। इसमें कानून की धारा 420 कहती है कि अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के साथ छल-कपट करता है, धोखा देता है, बेईमानी से उसकी बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति हड़पता है, उसे नष्ट करता है या इस काम में किसी दूसरे की मदद करता है तो उसके खिलाफ इसी धारा के तहत कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति स्वार्थ के लिए दूसरे के साथ जालसाजी करके, नकली हस्ताक्षर कर के, आर्थिक या मानसिक दबाव बनाकर दूसरे की संपत्ति को अपने नाम करता है तो उसके खिलाफ धारा 420 लगाई जाती है और ऐसे लोगों पर सख्त कारवाई करें ताकि आने वाले समय मे लोग इस तरह का ठगी न कर सके।

## सिसई के दो नाबालिग भाई-बहन बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बरामद

**सीडब्ल्यूसी बिलासपुर अपने संरक्षण में रखकर दोनों बच्चों के परिजनों का पता लगाने में जुटी हैं**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड के दो नाबालिग बच्चे साढ़े सात वर्षीय अरमान और साढ़े पांच वर्षीय आफिया को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एक अज्ञात महिला व उसके अन्य बच्चों के साथ भीख मांगते हुए रेलवे पुलिस ने पकड़ा है। जिसके बाद नाबालिग भाई-बहन से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम बताया और यह भी बताया कि वे सिसई के बखरी में रहते हैं, जिसके बाद दोनों को सीडब्ल्यूसी के संरक्षण में बिलासपुर में रखा गया है। वहीं दोनों नाबालिग बच्चों ने पिता का नाम मोहम्मद आरिफ और माता का नाम स्व. मुस्कान बताया। जिसके बाद बिलासपुर सीडब्ल्यूसी ने गुमला चाइल्ड लाइन से संपर्क किया और दोनों भाई बहन की तस्वीर भेजी। अपने स्तर से सीडब्ल्यूसी के द्वारा सिसई में पता लगाने के बाद भी उन दोनों के घर का पता नहीं चला। वहीं सीडब्ल्यूसी दोनों बच्चों के परिजनों का पता लगाने में जुटी है।

**बैठक :** बसिया में कांग्रेस की लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन संबंधी बैठक आयोजित

# मिशन के तहत विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का किया गया चयन

**कार्यक्रम के तहत वैसे सक्रिय लोग जो आगे नहीं बढ़ पाते हैं उन्हें आगे लाना है : चैतु उरांव**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** प्रखंड कार्यालय के समीप घुरन साहू के मकान में कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, सिसई विधानसभा प्रभारी प्रदीप केसरी उपस्थित हुए। बैठक में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा की गयी और लोगों को लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत चयन किया गया। जिसमें आदिवासी कांग्रेस निरोज टेटे, ओबीसी कांग्रेस रोहित साहू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मुनतजीर खां, महिला कांग्रेस आर्या पंचायत की मुखिया जसिंता बागे, युवा कांग्रेस उदित टोप्पो, एनएसयूआइ कन्हैया कुमार, एसी प्रकोष्ठ घुरन नायक, मनरेगा प्रकोष्ठ प्रमोद देवघरिया को प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर में कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय हैं और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है।

सिसई विधानसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष आप सभी जल्द से जल्द अपनी कमेटी बना लें, आप सभी कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ता हैं। आप सभी झारखंड में गठबंधन द्वारा चल रही सरकार की लाभकारी योजना को लोगों को बताने का काम करें। तभी हम मजबूत होंगे और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं।

बैठक उपरांत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सम्मान में सभी कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर करते हुए आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलायी।

बैठक में गौरी शंकर चौधरी, अभय चौधरी, तरुण गोप, देवा साहू, प्रकाश सुरीन, जय देव नायक, ज्योति लकड़ा, बाजु मिंज, प्रमोद, रामरतन भगत, विनसेंट बड़ा, अजीत लकड़ा, दिनेश साहू, घुरन साहू, पीटर मिंज, फिरोज खान, सूरज साहू, अखिल साहू, कृपा कुल्लू, विनोद उरांव, जटा लकड़ा, राजेश कुल्लू, ज्योति लकड़ा, रामजीवन साहू, रोशनी सोरेंग और काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-ःआम सूचनाः-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 खेपा मनोहर दास ठाकुर
↓
स्व0 राधानाथ दास ठाकुर
↓
स्व0 ज्योत्सना दास ठाकुर (पत्नी)
↓
रूप कुमार दास ठाकुर — स्व0 वृन्दावन दास ठाकुर

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR304297 (District)23-24*D



झारखण्ड सरकार

**कारा निरीक्षणालय उपकारा रामगढ़**

**ई-निविदा सूचना**

**eTender - HJ&DM/SJ-RAMGARH/Q-4/2023/1310**

1. कारा का नाम :- उपकारा, रामगढ़।
2. विषय :- कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यानों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य सामग्रियों के निमित्त ई-निविदा का आमंत्रण। (चतुर्थ त्रैमासिक निविदा अवधि दिनांक-01.10.2023 से 31.12.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्यः- (Non Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक एस. बी. आई. से बैंक ड्राफ्ट के रुप में अधीक्षक, उपकारा रामगढ़ के पदनाम से (अदाकर्ता शाखा : एस. बी. आई. समाहरणालय शाखा, रामगढ़, कोड नं0-18369) होगा जो निम्न प्रकार है –
   (i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु- 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु-10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि-28.08.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 04.09.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि-29.08.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 04.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) (प्रत्येक सामग्रियों का कम से कम 500 ग्राम) दिनांक-02.09.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक-04.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यावधि में उपकारा रामगढ़ के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान-05.09.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website-jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा रामगढ़ के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित कर किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

काराधीक्षक
उपकारा रामगढ़।

PR 304252 Home, Prison And Disaster Management(23-24)D



**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी,कोडरमा**

**आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 16 रा0 दिनांक 24.07.2023 के आलोक में विभिन्न योजनाओं हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है –

| क्रम | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य | इकाई लागत (रू0 में) | अधिकतम अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक का अंशदान (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/हैचरी संचालकों को पुरस्कार स्वरूप 12 पैडल व्हील एयरेटर/ऑक्सीजन सिलिन्डर (सं0 में) | 03 | – | 30000.00 | अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि लाभुक का अंशदान होगा। | आवेदन पत्र में अंकित अनुलग्नक/कागजातों को आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन (एकड़ में) | 04 | 160000.00 (प्रति एकड़) | महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लिए 128000.00 तथा सामान्य/अन्य लिए 112000.00 | महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लिए 32000.00 तथा सामान्य/अन्य लिए 48000.00 | |
| 3 | नये रंगीन मछली पालन (संख्या में) | 04 | 20000.00 | 20000.00 | – | |
| 3 | केज मत्स्य पालकों को लाईफ जैकेट (संख्या में) | 186 | 1600.00 | 1200.00 | 400.00 | |

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23.08.2023 एवं इससे संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 304239 Fish(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

प्रपत्र संख्या-1

**अल्पकालीन ई- निविदा (द्वितीय आमंत्रण)**

निविदा संख्या :-05 /JMT/2023-24 — दिनांक 08.08.2023

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विवरणी: ग्रुप संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | विस्तृत विवरणी: अग्रिम जमानत की राशि | विस्तृत विवरणी: परिमाण विपत्र का मूल्य | विस्तृत विवरणी: कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct Tube Well of 125 mm x 115 mm dia x 60 Mtr Deep (Av) Drilled Tube Well complete with Installation of India Mark II H.P (IS 15500 Part-2/2004) etc all complete job in different blocks under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for 2023-24 On "Turn Key Basis" (2nd Call) | JMT/SR/01/31 Nos | 26,00,528/- | 53,000/- | 5000/- | 60 Days |
| | | JMT/SR/02/31 Nos | 26,00,528/- | 53,000/- | 5000/- | 60 Days |
| 2 | बेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | | 10.08.2023 at 5.00 अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 24.08.2023 को 5.00 अपराह्न तक | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) एवं समय | | 25.08.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | | 26.08.2023 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | | 06534-222505, 08987463859, ईमेलआईडी – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

•विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 304275 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## सीबीएसइ सहोदया के पदाधिकारियों ने की डीसी और एसपी से की मुलाकात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई पीजीएल सहोदया पलामू के सदस्यों ने डीसी शशि रंजन और एसपी रिष्मि रमेशन से शिष्टाचार भेंट किया। पीजीएल सहोदया के अध्यक्ष और सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई पलामू सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर डॉ जीएन खान के नेतृत्व में गये शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर नवागंतुक पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए डीसी ने बताया कि हम सितंबर महीने में बैठक कर पलामू में कैरियर काउंसलिंग क्लासेस शुरू करेंगे। यह काउंसलिंग बारहवीं कक्षा में शुरू करने का उन्होंने सुझाव दिया, जिससे बच्चे गलत करियर चुनकर अपना भविष्य न बिगाड़े। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से उनके विद्यालयों में गरीब बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अधिकारियों से भी उनके कठिनाइयों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने भी मुलाकात के दौरान अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उचित मार्गदर्शन किया। शिष्टमंडल ने उपविकास आयुक्त रवि आनंद से भी मुलाकात किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया। पीजीएल सहोदया के अध्यक्ष सह सिटी कोआर्डिनेटर सीबीएसई पलामू गढ़वा सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के नेतृत्व में पहुंचे। इस दल में अशलेश पांडे महासचिव सहोदया सह प्राचार्य रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर, पीपी गुप्ता उपाध्यक्ष महोदय प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, राहुल सिंह सचिव आईटी सेल सह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, बरुचि राकेश सचिव सहोदया पाठ्येतर क्रियाकलाप सह प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की इलाज के दौरान मौत

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सड़क दुघर्टना में नीरज भूईयां 18 वर्ष का रांची रिम्स में ईलाज के दौरान मौत हो गयी। रात में शव घर आया, मंगलवार की सुबह में उसका दाह संस्कार बारी घाट पर किया गया। बताते चलें कि 6 अगस्त को दुबियाखांड में ट्रक के टक्कर से ऑटो में सवार बारी गांव के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्हें मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया था उसमें विजय भूईयां भी था। जिसकी स्थिति काफी गंभीर थी जिसे देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। दाह संस्कार में अमलेश चौरसिया,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा के अलावे बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। बारी मुखिया निरोतमा कुमारी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लाभ उसके परिजनों को दिलाया जायेगा।

# पुनरीक्षण कार्य की धीमी प्रगति पर डीसी ने जतायी नाराजगी, कार्रवाई की दी चेतावनी

**मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करेगी जिलास्तरीय जांच टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण जांच टीम करेगी। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों के उचित पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर 11 जांच टीम का गठन किया जायेगा। जांच टीम मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किये जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को समर्पित करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन ने आज निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निदेश दिया। बैठक एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में वर्चुअल माध्यम से हुई। उपायुक्त ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले क्षेत्रों के बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों आदि पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में जिम्मेवारी पूर्वक और तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना सुनिश्चित करें। विदित हो कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 कार्यक्रम 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है। पूर्व गतिविधियों के तहत सभी बीएलओ के द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा सत्यापन के क्रम में सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त बीएलओ स्टीकर को चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित करना है। इसके साथ ही जिला स्तर से उपलब्ध कराए गए करेक्शन स्लिप एवं रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं की विवरणी को शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन संबंधी बैठक के दौरान एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्को, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह आदि पदाधिकारी सभागार में उपस्थित थे। वहीं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## मेरी मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



सभागार में बैठक करते बीडीओ और उपस्थित अन्य

**हरिहरगंज(पलामू)।** मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के मुखिया,पंचायत सेवक, जेई, रोजगार सेवकों की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि भारत सरकार तथा झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्षेत्र में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बैठक में मुखिया को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र के ऐसे बलिदानी शहीदों को चिन्हित करें। ताकि पंचायत स्तर पर उनके नाम का स्मारक या पार्क बनाया जायेगा। जिससे लोग उनके बलिदान को याद कर सके। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी पंचायतों में पांच कार्यक्रम किया जाना है। जिनमे सभी गांवों से कलश में मिट्टी भरकर ब्लॉक लाना है। शहीदों की बनी स्मारक या पार्क में पेंड़ पौधे लगाये जायेंगे, स्वतंत्रता दिवस पर पांच प्रतिज्ञाएं लेनी है। यह कार्यक्रम 9 अगस्त से शुरू होगा। इस अवसर पर बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, जेएसएलपिएस बीपीएम मुकेश कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप यादव, जितेंद्र पासवान, विनय सिंह, कमला, नीतू, जेएसएलपिएस सीसी बलवंत कुमार सिंह, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

## किसान केसीसी समेत अन्य योजनाओं का लाभ लें: योगेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में शामिल बिससूत्री अध्यक्ष, बीडीओ और अन्य

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की जबकि संचालन बीडीओ सह सचिव रतन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में संचालित कई विकास योजनाओं की समीक्षा पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, सिचाई, पशु चिकित्सा, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जेएसएलपीएस और कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गयी। जहा लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बिससूत्री अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज सुलभ रूप से उपलब्ध हो इसके लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने की जरूरत है, ताकि किसानों की समस्या का त्वरित निष्पादन हो सके। साथ ही उन्होंने बीजली विभाग को यह निर्देशित किया गया कि अकारण किसानों को परेशान ना करें, छापेमारी के पूर्व गरीब किसानों को पहले नोटिस दे कि अपना वैध कनेक्शन करा लें तभी बिजली का उपयोग करें। उन्होंने सभी बैंक के शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया कि केसीसी ऋण के आवेदन को तत्काल निष्पादित करें ताकी किसानों को उसका ससमय लाभ मिल सके।

बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को ससमय राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में कई प्रस्ताव के समीक्षा हुई। इसके बाद समाधान की दिशा में बीडीओ सह सचिव ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बिससूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, बिधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह, चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार, पशु चिकित्सा प्रभारी ताहीद इकबाल, सीआई अशफाक, बीपीएम विभूति कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण कुमार, बिनय पासवान, हंसराज सिंह, पीएचडी के ददिबल प्रसाद समेत कई कर्मी और बिससूत्री कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## मिशन समृद्धि संस्था में हरियाली सावन महोत्सव की मची धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने बड़े ही धूमधाम से हरियाली सावन महोत्सव अहिल्या गिरी के आवास पर मनाया। सावन के महीने में महिलाएं हरी पोशाकों में प्रकृति से गुहार लगाते हुए खुशी से झूमते हुए देश में हरियाली और समृद्धि बना रहे इसकी कामना की। यह संस्था समाज की जरूरत के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है और कोई भी उत्सव को हर्षोल्लास से कम ही संसाधन में मनाने को तैयार रहती है। हरियाली सावन महोत्सव में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति महिलाओं द्वारा दी गयी। शालिनी श्रीवास्तव और रेणुवाला सहाय के गायन में सबों ने अपना सुर मिलाया और जमकर झूमा। आखिरकार कार्यक्रम की समाप्ति के बाद बारिश को देखते हुए लगा कि इंद्र भगवान भी खुश हुए। ढोलक की थाप देकर भूपेश जी ने सभी गानों को और भी सुंदर बनाया। सैकत जी दिवाकर जी का धन्यवाद जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय दिया। वीणा मिश्रा रेणुवाला सहाय निर्मला पाण्डेय स्मृति लाल अनुराधा झा संध्या शेखर मधु जी इन्दु सिंह इन्दु तिवारी लीलावती सीमा श्रीवास्तव शीला गोस्वामी वन्दना श्रीवास्तव रंजीता बैजंती गुप्ता शैलेंद्र कुमार डॉ देव ऋषि कुमार अन्य लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** आजसू पार्टी हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को झारखंड के वीर सपूत शहिद निर्मल महतो की शहादत दिवस मनायी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, विशाल वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि उनके विचार,मूल्य और साहस, आदर्श को जिंदा रखना हर झारखंडी और खासकर युवाओं की जिम्मेदारी है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य तिवारी, करण कुमार, इफ्तेखार आलम,मंटू कुशवाहा, सीताराम साव सहित अन्य मौजूद थे।

## बिश्रामपुर के आरसीयू विश्वविद्यालय में पीजी के छात्र - छात्राओं को नये सत्र में किया गया स्वागत



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सभागार में पीजी के नए सत्र के सभी विषयों के छात्र छात्राओं के सम्मान में आयोजित समारोह में उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कुलपति डॉ कल्याण सिंह ने दीप प्रजवल्लित कर किया। कुलाधिपति डॉ चंद्रवंशी ने नई शिक्षा पद्धति के संबंध में सभी छात्रों को विस्तृत जानकारियां दी। कुलपति डॉ कल्याण सिंह ने सभी छात्र छात्राओं से अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षा से समाज में अमूलचुल परिवर्तन लाया जा सकता है। किसी देश के विकास के पीछे वहां के विकसित शिक्षा प्रणाली और शिक्षित लोगों का ही योगदान होता है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने कई मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल, उपकुलपति डॉ जयप्रकाश, सहायक कुलसचिव डॉ बिंदा कुमारी, डॉ विनय कुमार, डॉ हरिभूषण, पीजी कॉर्डिनेटर डॉ अशोक कुमार, आरसीआईटी के प्राचार्य डॉ आरके सिन्हा, डीन विज्ञान डॉ आरके तिवारी सहित कई शिक्षक व छात्र- छात्राएँ मौजूद थे।

## माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम शुरू



**विश्रामपुर / पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागर में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। जिसका आयोजन सतत शिक्षा एवं उद्यमिता केंद्र के द्वारा किया गया। इस कोर्स के संचालक अरविंद घोष है। वहीं इसका नेतृत्व आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार और कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। परिचर्चा कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर और माइक्रोसॉफ्ट की जानकारी आज की अहम जरूरत बन चुकी है। परिचर्चा पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर का बुनियादी संचालन, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड का फॉर्मेटिंग और लेटर ताइपिंग की शिक्षा प्रतिभागियों को दी जायेगी। कोर्स के समापन पर पांचवे दिन सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। परिचर्चा के प्रथम दिन कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने माईक्रो प्रोफेसर के बारे में बताया। वहीं कुलसचिव देवाशीष मंडल ने माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की जानकारी प्रतिभागियों को दी। परिचर्चा में डॉ जय प्रकाश, पीजी समन्वयक डॉ अशोक कुमार, डॉ आरके सिन्हा, प्रोड्ट गोविंद सिंह, डॉ संदेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।





VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


















# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा भूली का आजाद नगर

**गैंगस्टर प्रिंस और गोपी ने साइबर कैफे संचालक से मांगी थी तीन लाख रुपये की रंगदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भूली ओपी थाना क्षेत्र के आजाद नगर स्थित जया साइबर कैफे में मंगलवार को अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और चलते बने। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। वहीं सूचना मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, भूली ओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की।

घटनास्थल से पुलिस ने तीन तीन खोखा भी बरामद किया है। डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर लेगी। जया साइबर कैफे संचालक परवेज आलम ने बताया कि मुंह पर कपड़ा बांधे दो लोग बाइक से आये और दुकान की कुछ दूरी से दुकान पर तीन राउंड फायरिंग कर भाग निकले। परवेज ने बताया कि प्रिंस खान और गोपी खान के द्वारा 3 लाख की रंगदारी मांगी जा रही थी। नहीं देने के कारण ही गोली बारी की घटना को अंजाम दिया गया है।

**पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद प्रिंस पर नहीं लग पा रहा है लगाम :** एक तरफ पुलिस प्रिंस के गुर्गों पर शिकंजा कसती जा रही है, तो दूसरी ओर प्रिंस लगातार नये नये वारदात को अंजाम दिलवा कर अपना दबदबा कायम करता जा रहा है। हाल ही में पुलिस ने प्रिंस के दो गुर्गे किशन खान और उसका ड्राइवर सोनू उर्फ तौसीफ अंसारी को बैंक मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा पुलिस लगातार प्रिंस का शूटर एवं उसकी मदद करने वाले लोगों को पकड़ कर जेल भेज रही है। फिर भी प्रिंस के गुर्गों का आतंक पूरे शहर में सर चढ़ कर बोल रहा है। एक ओर पुलिस प्रिंस के गुर्गों को गिरफ्तार करती है, तो दूसरी ओर प्रिंस नये युवकों को अपने गैंग में लालच देकर भर्ती भी कर रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** डीवीसी द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यालय सह प्रशिक्षण केंद्र मे ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार सृजन के उद्देश्य से ब्यूटीशियन प्रशिक्षण हेतु त्रैमासिक प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो एवं नैगम के स्थानीय प्रबंधक डॉ. कौशलेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ कुमार ने बताया कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत हमारा लक्ष्य ग्रामीण एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे सभी परिवार की जीविका चलाने में अपनी भी भूमिका निभा सकें। बताया की यह प्रशिक्षण 25 महिलाओं के लिए शुरू किया गया है पर आज महिलाओं की उपस्थिति 50 से भी ज्यादा दिख रहा है इसको लेकर बैच बढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर नैगम सामाजिक दायित्व के उप प्रबंधक गिरिजेश्वर प्रसाद, सिलाई प्रशिक्षिका राज दुबे, कार्यकर्ता बरज मोहन महतो, चंचल देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर आज कुंजी ग्राम से निकलेगी आकर्षक झांकी

**महुदा (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से मनाने को लेकर कुंजी ग्राम के आदिवासी टोला में मंगलवार की बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विश्व आदिवासी दिवस को यादगार बनाने के लिए आकर्षक झांकी निकालने, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के साथ सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सोलह आना समिति के अध्यक्ष दुर्जन मांझी ने कहा की बुधवार विश्व आदिवासी दिवस पर कुंजी ग्राम के लोग गाजा बाजा के साथ पारंम्परिक परिधान में झांकी निकालेंगे। झांकी मुखिया मीरा कुमारी के आवास तक जाएगी इसके बाद वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को समिति के लोग अंतिम रूप देने में देर शाम तक जुटे रहे। बैठक में सुमन देवी, कलावती देवी, राखी देवी, सारथी देवी, ठाकुरमनी देवी, मंगली देवी, बजन्ती देवी, पार्वती देवी सहित आदिवासी समाज के कई लोग मौजूद थे।

### रोजगार की मांग को लेकर झारखंड विस्थापित मोर्चा ने किया प्रदर्शन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या चार (कतरास) के सलानपुर कोलियरी में संचालित आरके माइनिंग में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर झारखंड विस्थापित मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को जूलूस निकालकर कर कोलियरी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मजदूर सह झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा कर रहे थे। जूलूस रामकनाली कोलियरी से निकल कर गुहीबांध सहित अन्य जगहों पर होते हुए सलानपुर कोलियरी कार्यालय पहुचीं जहां लोगों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन कर कंपनी अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा। अपने संबोधन में राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि कंपनी गुंडा माफियाओं के बल पर परियोजना चलाने का प्रयास कर रही है जिसका हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया है फिर भी कंपनी नही मानती है तब हमलोग ईंट का जवाब पत्थर से भी देने का काम करेंगे।

### टायर शोरूम कर्मी से रुपये भरा बैग अपराधियों ने छीना, पुलिस जुटी जांच में



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के बिहार बिल्डिंग के समीप बाइक सवार अपराधियों ने स्कूटी पर सवार राजेश विश्वकर्मा से पैसों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि झरिया के यूको बैंक से 2 लाख रुपये निकाल कर राजेश अपने कार्यालय जा रहे थे। वे झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर एक टायर कम्पनी के शोरूम में कार्यरत हैं। इस दौरान बिहार बिल्डिंग के समीप अपनी स्कूटी रोककर एक दुकान से कुत्ते के लिए खाने का सामान लिए और जैसे ही दुकान से बाहर आकर स्कूटी पर सामान रखा तभी पीछे से आए बाइक सवार अपराधियों ने उनके हाथों से पैसों से भरा बैग छीना और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल पर सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरा खांगाल रही है।

### नयी पीढ़ी को सभ्यता और संस्कृति से रूबरू करायेगा मारवाड़ी सम्मेलन



**झरिया/धनसार (आजाद सिपाही)।** अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने व समाज के युवाओं को जागरूक करने के लिए 13 अगस्त को झरिया अग्रवाल धर्मशाला में सभ्यता और संस्कृति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। त्र्मसमें कोलकाता से मारवाड़ी समाज की महिलाएं भाग लेगी। जो समाज की महिलाओं को मारवाड़ी सभ्यता, संस्कृति के साथ पर्व-त्योहार की जानकारी देगी। उक्त बातें मंगलवार को मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अग्रसेन भवन में समाज की महिलाओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से कहीं। कहा कि वर्तमान समय में समाज के युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलते जा रहे है। यह घातक हो रहा है। बैठक में राजकुमार अग्रवाल, प्रमोद जालुका, महेश जालुका, अनूप लिलहा, मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष मीनू गोयल, झरिया समृद्धि शाखा की अध्यक्ष विनीता लिलहा, भागा मारवाड़ी महिला समिति अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, रानी सती मंदिर महिला समिति अध्यक्ष मीनू चौधरी, नारायणी परिवार के नीलम अग्रवाल, शीला चोखनी, किरण खरकिया, वन्दना खंडेवाल, सरोज मित्तल, रीना अग्रवाल, सरिता जालुका, सुनीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, आरती जालुका, सरोज शर्मा महिलाएं थीं।

**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन**

# आपराधिक घटनाएं नहीं रुकीं तो होगा आंदोलन : रागिनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र में विगत छह माह से दिन-प्रतिदिन अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हत्या और अन्य जघन्य अपराध आम बात हो गयी है। किसी घटना का सफल उद्भेदन नही होने के कारण अपराधी घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे रहे है। लोग भय के माहौल में जी रहे हैं कि उनके साथ कब किस प्रकार की अप्रिय घटना घट जाये। इन सभी मुद्दों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एसएसपी संजीव कुमार से आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एसएसपी से घटनाओं के अरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने और बढ़ते अपराध पर जल्द अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कहा की अगर झरिया में 15 अगस्त तक अपराध और अपराधियों पर अंकुश नहीं लगा, तो वे लोग जन आंदोलन को बाध्य होंगी। इस दौरान भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, महामंत्री नितिन भट्ट, संजय झा, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, बाबू जैना इत्यादि मौजूद थे।

# सुखदेव अध्यक्ष और चुन्नूकांत ने महासचिव के लिए किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर वकालत खाना में मंगलवार नांमाकन सम्पन्न हो गया प्रत्याशियों ने अपने समर्थक के साथ पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए सुखदेव भास्कर ने नामांकन कराया। इस दौरान श्री भास्कर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहां कि उन्होंने वकालत खाना के विकास के अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जायेंगी । अधिवक्ताओं ने अगर मौका दिया, तो अधिवक्ताओं को हित में कई कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। महासचिव पद के लिए निवर्तमान महासचिव चुन्नू कांत ने अपना नामांकन दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य करेंगे, जबकि वकालत खाना से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बढ़ा कर दी जायेगी।

उपाध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता अजय कुमार सिन्हा उर्फ मंटू ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ताओं को मिलने वाले कल्याणकारी राशि को वृद्धि कराना, अधिवक्ता भवन एवं शौचालय को जीर्णोद्धार करना, आय व्यय को पारदर्शी से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं सहायक कोषाध्यक्ष पद पद पर अधिवक्ता दिनेश कुमार राणा ने अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ गहमागहमी के बीच नामांकन पर्चा दाखिल किया।

नामांकन के बाद श्री राणा ने बताया कि इस बार अधिवक्ताओं ने मुझे मौका दिया, तो मैं वकालत खाना में पारदर्शिता के साथ कार्य करने का काम करूंगा। श्री राणा ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से वकालत खाना में अपना सेवा दे रहे हैं।

# बांसजोड़ा में कचरा डंप करने का स्थानीय ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** मंगलवार को बांसजोडा में ग्रामीणों ने नगर निगम के कचरे को उत्खनन परियोजना में डंप करने का विरोध कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जान भी चली जाये, तो भी यहां पर डंप करने नहीं दिया जायेगा। विरोध देखते हुए निगम कर्मी बिना कचरा डंप किए बगैर लौट गये। बताया जाता है कि दिन के करीब 10 बजे डब्ल्यू पासवान और रामेश्वर तुरी के नेतृत्व में ग्रामीण डंप वाले स्थान पहुंचे कचरा गिराने का विरोध कर दिया। थोड़ी देर निगम के सिटी मैनेजर इंस्पेक्टर अनिल कुमार तथा रैमकी कंपनी के जीएम प्रणव पटनायक और सुपरवाइजर भी मौके पर पहुंचे गये। सभी ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने किसी की नहीं सुनी।

इस दौरान अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई। निगम अधिकारियों का कहना था की यहां जिला उपायुक्त और सिजूआ क्षेत्र के बीसीसीएल जीएम के आदेश के बाद ही कचरा डंप किया जा रहा है। ग्रामीण और रैयतों ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि यह जमीन बीसीसीएल की नहीं है। इसी परियोजना से स्थानीय लोगों के अलावे लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में पिट वाटर की आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों का आरोप था कि बीसीसीएल प्रबंधन ने जबरन बिना नियोजन और मुआवजा दिये उनकी जमीन से कोयला निकालने का काम किया और अब गंदगी से भरा कचरा को डंप करा कर बीमारी फैलाना चाहती है। विरोध करने वालों में गौतम रजक, विशाल महतो, मिथुन महतो, टुल्लु साव, मुस्ताक मंसूरी, आलम मंसूरी, रिजवान मंसूरी, चंद्रिका मंडल, मोहन बाउरी, धर्मेंद्र रजक, सुभाष महतो, सोनु खान आदि उपस्थित थे।

# झरिया में मुट्ठीभर माफिया धमका कर लोगों का शोषण कर रहे हैं : ढुल्लू

**लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समीप सभा में कईयों ने थामा एटक का दामन, विधायक ने समस्याओं को लेकर जीएम से की वार्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अलकडीहा।** जबतक झरिया में माफिया घरानों का राज रहेगा तबतक यहां के लोगों का ना तो विकाश होगा ना ही उनको अधिकार मिलेगा। अपना अधिकार पाने को यहां के लोगों को एकजुट होकर मजदूरों और दिहाड़ियों का शोषण करने वाले माफिया के पोशक आउटसोर्सिंग परियोजना के मालिकों का विरोध कर खदेड़ना होगा। उक्त बातें मंगलवार को मजदूरों एवं विस्थापन से जुड़ी 45 सूत्री मांगपत्र पर लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन से वार्ता करने के पूर्व कार्यालय गेट पर एटक द्वारा आयोजित सभा में बाघमारा विधायक सह एटक नेता ढुल्लू महतो ने कहीं। इस दौरान दूसरे संगठन से एक दर्जन लोगों ने एटक का दामन थामा।

बाघमारा विधायक ने कहा कि आज झरिया में मुट्ठीभर माफिया यहां के लोगों को डरा धमकाकर वर्षों से शोषण करते आ रहे हैं। ये लोग शेर नहीं, रंगा हुआ शियार हैं। उन्होंने आउटसोर्सिंग मालिक को चेतावनी दी कि वे अपनी हद में रहकर परियोजना चलाये तथा विस्थापितों का एनआइटी एवं विस्थापन नीति के तहत विस्थापन करने में प्रबंधन का सहयोग करें नहीं, तो एक छटाक कोयला उत्पादन नहीं होने देंगे।

विधायक ढुल्लू महतो ने झारखंड सरकार कि आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार लोगों के विकाश करने के बजाय राज्य का कोयला लोहा बेचने में लगी है। पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है। धनबाद में हत्याओं का दौर चल रहा है। वार्ता में जीएम बीके सिन्हा, एपीएम डीके भगत, असैनिक अभियंता मुकेश कुमार, पीओ एके पांडेय यूनियन कि ओर से विधायक ढूल्लू महतो, क्षेत्रीय सचिव सतेंद्र गुप्ता, गणेश पासवान, शिशिर महतो, उचित महतो, कृष्णा पासवान, सुरेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# कनेक्शन चार्ज और होल्डिंग टैक्स में तीन गुना वृद्धि होने के विरुद्ध अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो (बेरमो)।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के नेतृत्व में नगर परिषद फुसरो कार्यालय के समक्ष शहरी जलापूर्ति योजना में बेहताशा कनेक्शन चार्ज तथा तीन गुना होल्डिंग चार्ज बढ़ोतरी के विरोध में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू की गयी। भूख हड़ताल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार तथा यंग ब्लड के केंद्रीय अध्यक्ष जावेद खान ने किया। पहले दिन संघ के उपाध्यक्ष विनोद चौरसिया भी में शामिल रहे। कृष्ण कुमार ने कहा कि नगर परिषद फुसरो में काफी गरीब लोग रहते है, उसपर पानी कनेक्शन में 7500 से 42000 रुपये लिए जा रहे है, जो की कही से भी जायज नहीं है। झारखंड के और नगर परिषद में इसी योजना के तहत केवल आधार कार्ड जमा करने पर पानी कनेक्शन मुक्त दिया जा रहा है, परंतु फुसरो नगर परिषद में बेतहाशा कनेक्शन चार्ज किया जा रहा है। साथ ही कनेक्शन लेने वालों से होल्डिंग टैक्स क्लीयरेंस मांगा जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। हमारी मांग है कि फुसरो में भी शहरी जलापूर्ति योजना का कनेक्शन चार्ज मुफ्त किया जाय तथा होल्डिंग टैक्स में तीन गुना बढ़ोतरी को वापस लिया जाये।

यंग ब्लड के केंद्रीय अध्यक्ष जावेद खान ने कहा कि नगर परिषद अपनी मनमानी पर उतारू है। हमारी मुख्य मांगे पानी के कनेक्शन चार्ज को और नगर परिषद के हिसाब से मुफ्त दिया जाये। पानी का कनेक्शन लेने वाले को होल्डिंग टैक्स से अलग रखा जाये, जिनका होल्डिंग टैक्स बकाया है, वह स्वतः फाइन के साथ जमा करते है। मौके पर व्यवसायी रवि छाबड़ा, चिंतामणि महतो, मोहम्मद कलाम खान, समाजसेवी मनोज सिंह, विजय सिंह, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, रविंद्र सिंह, रामलाल गोस्वामी, दिनेश सिंह, भाई प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह उपस्थित हुए।

# धूमधाम व उत्साह से मनाया जायेगा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम : डीसी

**12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में आयोजित किये जाएंगे कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 12 अगस्त को जिले के सभी 256 पंचायतों में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत ₹मेरी माटी मेरा देश' धूमधाम मनाया जायेगा। उक्त बातें उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान उपायुक्त ने सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में उनके दायित्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में तथा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा, जिसे 'शिलाफलकम' नाम दिया गया है। इस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों के नाम दर्ज किये जायेंगे। 11 अगस्त तक सभी पंचायतों में 'शिलाफलकम' का प्रोटोकॉल के अनुसार निर्माण कर लिया जायेगा। 12 अगस्त को सभी 256 पंचायतों में पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया जायेगा। अमृत कलश यात्रा के लिए गांव के महत्वपूर्ण स्थल से मिट्टी एकत्रित कर कलश में रखी जायेगी। इस मिट्टी का नयी दिल्ली स्थित इंडिया गेट के बगल में बनने वाले अमृत वाटिका में प्रयोग होगा। कार्यक्रम में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, सभी मुखिया, प्रखंड प्रमुख, रोजगार सेवक, प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भक्ति उम्र की मोहताज नहीं होती : आचार्य कन्हैया



**कतरास (आजाद सिपाही)।** आज के जमाने में लोग बहाना बनाते हैं कि मेरे पास समय नहीं है और अभी भक्ति करने की उम्र नहीं है, वृद्धावस्था में भक्ति करूंगा, लेकिन भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती। भक्ति तो संस्कार से उत्पन्न होता है। उक्त बातें कतरासगढ राजस्थानी धर्मशाला मे एक अगस्त से 12 अगस्त तक आयोजित भागवत कथा के दौरान मंगलवार को आचार्य कन्हैया महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि महाराज ध्रुव जी 5 वर्ष की अवस्था में भक्ति करने निकल पड़े थे और उन्होंने ऐसी भक्ति करी कि भगवान को आना पड़ा और भगवान ने उन्हें ध्रुपद प्रदान किया। जड़ भरत चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भरत जी ज्ञानी थे। इसलिए मौन होकर मूर्ख बन कर के घूमते फिरते रहते थे, ताकि मोह माया के चक्कर में ना पड़ना पड़े। अजामिल महा पापी था, लेकिन प्रभु के नाम स्मरण से मुक्ति मिल गयी। प्रभु का नाम बड़े से बड़े पापों का नाश कर सकता है। भारत देश का वर्णन करते हुए कहा कि भारत में जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति करने पर बहुत कठिनाइयां मिलती हैं। सत्य मार्ग में चलने वालों को पल-पल कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, पर अंतिम में जीत सत्य की ही होती है। प्रहलाद भक्ति करने लगे, तो उनके पिताजी ने उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया, लेकिन जिस पर भगवान की कृपा हो उसका कोई बाल बांका नहीं कर सकता और प्रह्लाद की बात को सिद्ध करने के लिए प्रभु खंभा फाड़क र प्रकट हो गये। हिरण कश्यप का वध करके भक्त प्रहलाद की रक्षा की।

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया ट्वीट

# कलाहांडी के उतकेला हवाई अड्डे को डीजीसीए से अनुमति




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के लिए एक और अच्छी खबर है। डीजीसीए की ओर से राज्य के दूसरे एयरपोर्ट से उड़ान भरने की अनुमति दे दी गयी है। पिछले महीने डीजीसीए की टीम ने उड़ानों के लिए कलाहांडी के उतकेला हवाई अड्डे का दौरा किया था और स्थिति का आकलन किया था। इस को लेकर सोमवार उड़ानों की अनुमति दे दी है।

जानकारी के मुताबिक पिछले महीने डीजीसीए की टीम कलाहांडी के उतकेला एयरपोर्ट पर आये थे और उड़ानों के लिए स्थिति का अनुद्यान किये थे। इसके बाद वहां उड़ानों की इजाजत दे दी गयी है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ट्वीट कर अपनी खुशी जाहिर की और बताया कि जल्द ही भवानीपटना से भुवनेश्वर के लिए एक फ्लाइट उड़ान भरेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि हवाई अड्डे से हवाई सेवा शुरू होने के बाद राज्य में संचार, व्यापार और पर्यटन में भी सुधार होगा। कलाहांडी के लोगों का वर्षों का सपना पूरा हुआ। इसके साथ ही कलाहांडी की पहचान भी बदल गयी है। मुख्यमंत्री के अनुसार कलाहांडी को नयी पहचान मिली है। कैप्टन दिव्यशंकर मिश्र ने कलाहांडी के लोगों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने नयी लिंग पुनर्पुष्टि नीति शुरू की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** घरेलू विनिर्माण क्षेत्र के भीतर अपनी तरह के एक अनूठे, समावेशी कदम में, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने कार्यरत एलजीबीटीओ+ कर्मचारियों के लिए एक अभूतपूर्व 'लिंग पुनर्पुष्टि अवकाश और मुआवजा नीति' पेश की है। इसके संचालन पर, यह नीति इसके सभी स्थानों पर स्टाफ सदस्यों तक फैली हुई है, जिसमें ओड़िशा के झारसुगुड़ा में इसका मेगा एल्यूमीनियम स्मेल्टर, लांजीगढ़ में इसकी विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी और छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक इसकी सहायक कंपनी बाल्को शामिल है।

सुनील गुप्ता, सीओओ, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के



लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां टीम का प्रत्येक सदस्य अपने आप को सशक्त महसूस करता है।

दिलीप सिन्हा, सीएचआरओ, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा कि नयी लिंग पुनः पुष्टि नीति एक ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का एक अतिरिक्त प्रदर्शन है।

इस पहल की सराहना करते हुए ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसाइटी की सदस्य और छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष विद्या राजपूत ने कहा कि मैं अपने ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को उनकी लिंग पुनः पुष्टि यात्रा में समर्थन देने के लिए वेदांत एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता की तहे दिल से सराहना करती हूं।

## नकली पुलिस ने असली से की ठगी, 4 गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नकली पुलिस पहचान के साथ जवान को धोखा देने वाले गैंगस्टर का पदार्फाश हो गया है। कटक मंगलाबाग थाना पुलिस ने इसका खुलासा किया। मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को पुलिस वाला बताया और पहले दोस्ती की और फिर विश्वास का फायदा उठा कर धोखाधड़ी की। ऐसी ही धोखाधड़ी का शिकार हुए थे ओएसएपी बटालियन के दो जवान। आरोपियों ने उनसे 100 रुपये के नोटों को 500 के नोटों में बदलने के लिए कहा, लेकिन 10 लाख रुपये मिलने के बाद आरोपी पैसे लेकर फेरार हो गये थे। अब पुलिस ने उस आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 2 लाख रुपये और सोने के आभूषण बरामद किये गये।

# जेएसपी फाउंडेशन ने शुरू की शीतल पेयजल सेवा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओपी जिंदल समूह के संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल की 93वीं जयंती के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन ने ठंडे पेयजल सेवा शुरू की है।

मंगलवार को भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास ने हरी झंडी दिखा कर इस शीतल पेय जल वैन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत कुमार होता, कार्यकारी अध्यक्ष (कॉर्पोरेट मामले) बीपी मिश्र और जेएसपी फाउंडेशन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

1500 लीटर की क्षमता वाली यह वैन हर दिन भुवनेश्वर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर लोगों को सुरक्षित और ठंडा ताजा पीने का पानी मुहैया करायेगी। यह वाहन बीएमसी द्वारा अनुमोदित के अनुसार संचालित किया जायेगा। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा ओड़िशा में यह चौथा ठंडा पेयजल वैन है।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** मंगलायतन विश्वविद्यालय यूजीसी और एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है साथ ही इसे अपने ऑनलाइन पाठ्यक्रम चलाने के लिए एनएएसीए+ की मान्यता भी प्राप्तहै। विश्वविद्यालय का प्राथमिक उद्देश्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना और समाज में ज्ञान का प्रचार प्रसार करना है।

मंगलायतन विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पाठ्यक्रम से दुनिया भर के छात्र उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय छात्रों को उनके संबंधित करियर को बेहतर बनाने के लिएएमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए, एमएससी, एमसीओएम, बीएऔरएमए (शिक्षा, अंग्रेजी, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान और पत्रकारिता और जनसंचार में) जैसे कार्यक्रम प्रदान करता है।

मंगलायतन विश्व विद्यालय कला और मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगि की, वाणिज्य, प्रबंधन अध्ययन और कंप्यूटर विज्ञान में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एमयू ऑनलाइन पाठ्यक्रम छात्रों को विश्व में कहीं से भी उनके समय अनुरूप अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करता है। यह छात्रों को विभिन्न स्ट्रीम्स में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम चुनने का विकल्प देता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य सभी को कम लागत में अच्छी शिक्षा प्रदान करना है तथा अधिकतम छात्रों तक इसका लाभ पहुंचना है। मंगलायत नयूनिवर्सिटी ऑनलाइन (एमयूओलाइन) नवीनतमत कनीक और ऑनलाइन शिक्षण प्लेट फार्मों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय स्थान प्राप्त करने के लिए सतत प्रया सरत है।

मंगलायत नयूनिवर्सिटी ऑनलाइन, एक संपूर्ण विकसित पाठ्यक्रमहै, जो पाठ्यक्रम के उद्देश्यों को निर्धारित कर उपयुक्त शिक्षण सामग्री का चयन करता है, और शिक्षा के नवीनतम तकनीक तरीके (जैसे, वीडियोव्याख्यान, इंटरैक्टिव मॉड्यूल, ऑनलाइन क्विज) का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम विभिन्न शिक्षण प्रबंधन प्रणालियों (एलएमएस) के माध्यम से संचालित किये जाते हैं, ताकि ऐसे पाठ्यक्रमों को प्रदान किया जा सके जो विभिन्न मल्टीमीडिया तत्वों के अनुरूप हो। यह छात्र-शिक्षक के बीच संपर्क/संवाद, स्व-शिक्षण सामग्री (एसएलएम) एवं नियमित मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करते हैं।

सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यूनिवर्सिटी से सहायता और सह भागिता प्रदान की जाती है। इस में तकनी की सहायता, शैक्षणिक सलाह, छात्र सहभागिता और प्लेस मेंट में सहायता शामिल हैं। नामांकन एवं पंजीकरण के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को संस्थान की वेबसाइट www.muonline.ac.in पर जाकर पंजीकरण एवं नामांकन कराना होगा।

मंगलायतन विश्वविद्यालय ने सामाजिक महत्व के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित कर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में इस की भूमिका ने सभी के लिए उत्कृष्ट शिक्षा का मार्गप्रशस्त किया है।




**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पुरी-तालचेर पैसेंजर ट्रेन के आइसीएफ रैक मेमू में परिवर्तित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** यात्री सुविधा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, खोरधा रोड मंडल ने समय में कोई बदलाव किये बिना, पुरी-तालचेर पैसेंजर ट्रेन (ट्रेन संख्या 08414/08413) के आइसीएफ रैक को एक नयी आठ डिब्बों की 3 फेज वाली मेमू रैक में परिवर्तित कर दिया है। मेमू रैक जीपीएस सक्षम यात्री सूचना प्रणाली के साथ उन्नत 3 फेज वाली मेधा संचालन - शक्ति प्रणाली से सुसज्जित है और 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चल सकता है। पिछली पुरी-तालचेर पैसेंजर ट्रेन 770 यात्री क्षमता वाली 8 आइसीएफ कोचों के साथ चल रही थी। नयी मेमू रैक 1764 यात्री, बैठने और खड़े होने की क्षमता वाली आठ डिब्बों से सुसज्जित है। मेमू रैक के दोनों सिरों पर स्वचालित मोटर कोच हैं। इसलिए गंतव्य स्टेशन पर इंजन बदलने की आवश्यकता नहीं है। आइसीएफ कोचों की तुलना में 3 फेज मेमू रैक के कई फायदे हैं। ये कोच जीपीएस युक्त हैं, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। प्रत्येक कोच के अंदर स्टेशन के नाम प्रदर्शित किये जा रहे हैं। रिजेनेरेटिवब्रेक की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए ब्रेक लगाने के दौरान, शक्ति पुनः उत्पन्न होती है, तोऊर्जा की खपत लगभग 20% कम हो जाती है। मेमू ट्रेन के माध्यम से यात्रा सुगम, बाधा मुक्त है और आइसीएफ रेक की तुलना में गति तेज है। मेमू रैक एलइडी प्रकाश व्यवस्था और अत्याधुनिक शौचालयों से सुसज्जित है। खोरधा रोड मंडल रेल उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**